मंगलवार, 3 मार्च 2026

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

होली की हार्दिक शुभकामनाएं

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, फाल्गुन शुक्लपक्ष पूर्णिमा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : दुनिया केवल हमारे अकेले के लिए ही नहीं बनी है।




# बंगाल में बाबरी मस्जिद बनवाने के पीछे ममता का षड्यंत्र : शाह

## मुस्लिम तुष्टीकरण व घुसपैठ के मुद्दे पर शाह ने ममता पर किया तीखा प्रहार

- कहा- ममता ने बंगाल को घुसपैंठियों से भर दिया हैं, सरकार बनने पर एक-एक बांग्लादेशियों को निकालेंगे
- शाह ने बंगाल में भाजपा की परिवर्तन यात्रा को दिखाई हरी झंडी



### बंगाल में सरकार बदलने पर 45 दिनों में मिलेगा डीए, 7वां वेतन आयोग होगा लागू

**कोलकाता :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर बड़ा हमला बोलते हुए दावा किया कि मुर्शिदाबाद जिले में बन रहे बाबरी मस्जिद निर्माण के षड्यंत्र के पीछे सीएम का हाथ है। दक्षिण 24 परगना जिले के मथुरापुर में भाजपा की परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाने से पहले एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने ममता पर तुष्टीकरण की राजनीति में लिप्त रहने का आरोप लगाते हुए बंगाल में बाबरी मस्जिद जैसे विवादास्पद निर्माण की अनुमति देने पर सवाल उठाए। शाह ने कहा कि हुमायूं कबीर (बाबरी मस्जिद की नींव रखने वाले निलंबित टीएमसी विधायक) और ममता बनर्जी एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि हुमायूं कबीर को योजनापूर्वक पार्टी से बाहर निकालकर बाबरी मस्जिद बनवाने का षड्यंत्र ममता ने किया है, ताकि हिंदू नाराज न हों। शाह ने कहा कि दीदी, आप चिंता न करें, बंगाल के हिंदू और मुसलमान दोनों आपको जान चुके हैं। इस बार आपकी विदाई तय है। घुसपैठ के मुद्दे पर घेरते हुए शाह ने कहा कि वोट बैंक के लिए ममता ने बंगाल को बांग्लादेशी घुसपैठियों से भर दिया है। तुष्टीकरण के अलावा दीदी कुछ नहीं करतीं। शाह ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले ममता को अब मंदिर बनाने की सूझ रही है। वह मंदिरों के उद्घाटन व शिलान्यास में व्यस्त हैं। हालांकि मैं मंदिर बनने का स्वागत करता हूं, इसके पीछे का मकसद चाहे जो भी हो। दूसरी ओर, आपके बंगाल में बाबरी मस्जिद फिर से बन रही है। इसकी जिम्मेदारी किसकी है? ममता को इसका जवाब देना चाहिए। मालूम हो कि पिछले साल छह दिसंबर को बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद की नींव पड़ने के बाद से पहली बार भाजपा के किसी शीर्ष नेता की इसपर टिप्पणी सामने आई है।

**घुसपैठियों के नाम कटने से दीदी को दर्द हो रहा**

शाह ने आगे कहा कि अभी एसआइआर के बाद मतदाता सूची से घुसपैठियों के नाम कटने पर ममता को दर्द हो रहा है। उन्होंने फिर दो-हराया कि भाजपा की सरकार बनने के बनने पर एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुन कर बंगाल से बाहर निकालेंगे। उन्होंने लोगों से परिवर्तन का आह्वान करते हुए कहा कि एक बार कमल फूल का बटन दबाकर बंगाल में भाजपा की सरकार बना दो, राज्य को घुसपैठियों से मुक्त करने के साथ ममता के गुंडों को उल्टा लटकाकर सीधा कर देंगे। शाह ने भ्रष्टाचार और परिवारवाद के मुद्दों पर भी ममता को घेरा। कहा कि ममता को बंगाल के विकास में कोई दिलचस्पी नहीं है, वह सिर्फ अपने भतीजे (अभिषेक बनर्जी) को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं। शाह ने कहा कि इस बार टीएमसी को वोट देने की गलती की तो ममता नहीं बल्कि भतीजे का शासन होगा।

**बंगाल आठ लाख करोड़ के कर्ज में डूबा है**

शाह ने कहा कि टीएमसी के पिछले 15 साल के शासन में आज बंगाल आठ लाख करोड़ रुपये के कर्ज में डूबा है। नए बच्चे के जन्म लेते ही 77 हजार रुपये का ऋण उसके ऊपर आ जाता है। शाह ने कहा कि देश भर की सरकारों के कर्मचारियों को सातवां वेतन आयोग मिल चुका है, लेकिन सिर्फ बंगाल के कर्मचारियों को ही छठे वेतन आयोग की तनख्वाह मिलती है। अब तो आठवां वेतन आयोग बनने वाला है। उन्होंने आश्वस्त किया कि एकबार भाजपा सरकार बना दो, 45 दिन में ही हम राज्य सरकार के कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग की तनख्वाह देने का काम करेंगे। शाह ने हिंदू शरणार्थियों को भी भरोसा दिया कि किसी की भी नागरिकता नहीं जाएगी।

## सूचना

सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं और शुभचिन्तकों को होली की ढेर सारी शुभकामनाएं। होली के अवसर पर समाज्ञा कार्यालय में आज मंगलवार को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 5 मार्च गुरुवार को प्रकाशित होगा। -संपादक

## पश्चिम एशिया संकट के बीच आज 10 राहत उड़ानों का संचालन करेगी इंडिगो

**नयी दिल्ली :** इंडिगो ने पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण फंसे यात्रियों को भारत वापस लाने के लिए तीन मार्च को जेद्दा से 10 विशेष राहत उड़ानों के संचालन की योजना बनाई है। नागर विमानन मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि वह पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में हवाई क्षेत्र की स्थिति और अंतरराष्ट्रीय उड़ान संचालन पर इसके प्रभाव पर करीबी नजर रख रहा है।

## इजराइली, अमेरिकी विमानों के ईरान पर बमबारी के बीच युद्ध का दायरा बढ़ा, युद्ध में एक भारतीय की भी मौत

**ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान चार से पांच सप्ताह या उससे भी आगे जारी रहने की संभावना: ट्रंप**



**दुबई :** ईरान और उसके सहयोगी सशस्त्र समूहों ने सोमवार को इस क्षेत्र में इजराइल, अरब देशों और अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइलें दागीं, जबकि इजराइल और अमेरिका ने ईरान पर बमबारी की जिसके साथ ही युद्ध अब कई मोर्चों पर फैल गया है। इस बीच कुवैत ने गलती से अपने आसमान में तीन अमेरिकी युद्धक विमानों को मार गिराया। दोनों पक्षों के हमलों की तीव्रता, ईरानी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या और किसी स्पष्ट निकास योजना के अभाव से संकेत मिलता है कि संघर्ष जल्द समाप्त नहीं होने वाला। इसके दूरगामी परिणाम पूरे क्षेत्र और उससे परे भी देखने को मिल रहे हैं: दुबई जैसे पश्चिम एशिया के सुरक्षित ठिकाने भी अब हमलों की चपेट में आ गए हैं; दुनिया भर में लाखों हवाई यात्री फंसे हुए हैं; तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं; और अमेरिकी सहयोगियों ने ईरानी मिसाइलों और ड्रोन को रोकने में मदद करने का वादा किया है। ईरान ने लंबे समय से धमकी दी है कि अगर हमला हुआ तो इस क्षेत्र को वह पूर्ण युद्ध में घसीटेगा, जिसमें इजराइल, खाड़ी देशों और वैश्विक ऊर्जा बाजारों के लिए महत्वपूर्ण कच्चे तेल की आपूर्ति को निशाना बनाना शामिल है।

# भवानीपुर में 60 हजार नाम कटने के बाद भी कम से कम एक वोट से जरूर जीतूंगी : ममता

## मुख्यमंत्री ने निर्वाचन आयोग और भाजपा के बीच साठगांठ का लगाया आरोप



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को नेताजी इंडोर स्टेडियम में होली और दोल उत्सव के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में अपने परंपरागत विधानसभा सीट भवानीपुर से जीत का भरोसा जताया। उन्होंने दावा किया कि एसआईआर प्रक्रिया के तहत 60 हजार नाम काटे जाने के बाद चुनाव में उनके वोट कम हो सकते हैं लेकिन वे कम से कम एक वोट से भी जीत जरूर हासिल करेंगी। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से वोटर सूची में कथित गड़बड़ी का जिक्र करते हुए कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र से लगभग 60 हजार वोट कट रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं शॉक्ड हूं, ये अमानवीय और प्रतिशोधी कार्य कर रहे हैं। कमजोर लोग पीछे से लड़ते हैं। ये जान-बूझकर नाम काट रहे हैं। मेरे भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र से 60 हजार वोट कट रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद मैं कहती हूं, मैं भवानीपुर से जीतूंगी, एक वोट से भी अवश्य जीतूंगी। ममता ने कहा कि उनका विश्वास भगवान और मां के प्रति है और सभी धर्मों-हिंदू, मुस्लिम और बौद्धों-के लोगों पर भी है। उन्होंने लोगों से धरना प्रदर्शन में शामिल होने और उन्हें नैतिक समर्थन देने की अपील की। ममता ने आरोप लगाया कि राज्य में 1.20 करोड़ लोगों को मतदान के अधिकार से वंचित किया जा रहा है और कई वास्तविक वोटरों के नाम मतदाता सूची से हटाये गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वोटर के नाम विवाह या अन्य कारणों से कट गए हैं। इसके बावजूद, चुनाव आयोग ने पक्षपातपूर्ण तरीके से काम किया। कई मामलों में बीएलओ और माइक्रो ऑब्जर्वर भाजपा के प्रभाव में होकर नाम कटवाने में शामिल हैं। जो भी दोष है, वह भाजपा के ऊपर है। उन्होंने भाजपा की राज्य में चल रही परिवर्तन यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि दिल्ली से पार्टी के कार्यालय से नाम कट रहे हैं और वहीं रथ यात्रा आयोजित की जा रही है। भवानीपुर के 2.6 लाख मतदाताओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी के कारण 14 हजार के अलावा दो हज़ार और नाम गायब किए गए हैं। उन्होंने इन तथाकथित अनियमितताओं के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय तक जाने की बात कही, साथ ही सकारात्मक सहयोग का आश्वासन भी दिया।

## न्यूटाउन में जैन मंदिर के लिए जमीन देगी सरकार, मुख्यमंत्री ने की घोषणा

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को नेताजी इंडोर स्टेडियम में होली और दोल उत्सव के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में भवानीपुर में प्रस्तावित जैन मंदिर के लिए जमीन देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि जैन समिति ने न्यूटाउन में मंदिर के लिए जमीन का अनुरोध किया है। विश्व बांग्ला गेट के पास पांच एकड़ जमीन दी जाएगी, वहां मन्दिर का निर्माण होगा।

## जैन समाज ने मुख्यमंत्री के फैसले का किया स्वागत

मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद, जैन समाज में खुशी का माहौल है। समाज ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया है। जीतो कोलकाता चैप्टर के चैयरमैन धर्मेंद्र जैन, सकल जैन समाज के संयोजक चंद्रेश मेघाणी (रोमी भाई), दीनेश जैन, प्रदीप पटवा, बुधमल लुनिया एवं अन्य गणमान्य लोगों ने ममता बनर्जी को धन्यावाद ज्ञापित किया है।






## अर्थव्यवस्था व विदेश नीति होगी प्रभावित

'समरथ को नहिं दोष गुसाईं' उक्ति की तर्ज पर ईरान पर हुए अमेरिकी-इस्राइली हमले को पश्चिमी देशों द्वारा तार्किक बताया जा रहा है। इस हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्ला खामेनेई तथा उनके परिजनों समेत कई लोगों की मौत को किसी भी तरह न्यायसंगत नहीं ठहराया जा सकता। यह समय वैश्विक कानून-व्यवस्था के भंग होने और अमेरिका के साम्राज्यवादी मंसूबों के सिरे चढ़ने का है। जब से ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं, उन्होंने वैश्विक संप्रभुता और संयुक्त राष्ट्र समेत दुनिया की तमाम नियामक संस्थाओं को बेबस बना दिया है। वेनेजुएला में हमला करके राष्ट्रपति निकोलेस मादुरो को गिरफ्तार करके अमेरिका ले जाने के बाद अब खामेनेई की परिवार समेत हत्या ने दर्शा दिया है कि दुनिया फिर जंगल-राज की तरफ बढ़ रही है। शक्ति बंदूक की नोक से निकलती दिख रही है। छोटे राष्ट्रों की संप्रभुता संकट में है। यूक्रेन पर रूसी आक्रमण, वेनेजुएला व ईरान पर अमेरिकी हमला बता रहा है कि आने वाले दिनों में ताइवान जैसे अन्य संकटग्रस्त देशों के सामने अस्तित्व बनाये रखने की चुनौती होगी। पूरी दुनिया में आपूर्ति शृंखला में आये व्यवधान तथा ट्रंप के टैरिफ आतंकवाद से दुनिया की अर्थव्यवस्था पहले ही चरमरा रही है। रोजगार के अवसर कम हुए हैं और लोगों को भारी महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। ईरान पर अमेरिका-इस्राइल के हमले की प्रतिक्रिया मध्यपूर्व के अलावा पश्चिमी देशों में आने वाले समय में दिखाई देगी। जिसकी असली कीमत मानवता को ही चुकानी होगी।

निस्संदेह, आने वाले दिनों में भारत को ईरान-अमेरिकी संघर्ष की कीमत चुकानी होगी। इससे भारत की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। भारत के लिये मुश्किल यह भी है कि ईरान पर हमला प्रधानमंत्री की इस्राइल यात्रा के तुरंत बाद हुआ है। जिससे भारत के लिये मध्यपूर्व को लेकर विदेश नीति में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। इसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। इससे हार्मुज स्ट्रेट रूट से भारत को होने वाली कच्चे तेल की आपूर्ति में बाधा उत्पन्न होगी। वहीं दूसरी ओर मध्यपूर्व में कार्यरत नब्बे लाख से अधिक भारतीयों पर प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रभाव पड़ेगा और उनके द्वारा भारत भेजी जाने वाली धनराशि भी प्रभावित होगी। भारत द्वारा आयातित कच्चे तेल की पचास फीसदी आपूर्ति होर्मुज स्ट्रेट रूट से होती है। रूसी तेल खरीदने पर अमेरिकी दबाव के चलते भी इस रूट से भारतीय आपूर्ति बढ़ी है। इस क्षेत्र में तनाव बढ़ने का सीधा असर भारत में कच्चे तेलों के दामों पर पड़ेगा। भविष्य में भारतीयों को तेल कीमतों में वृद्धि का सामना करना पड़ेगा। वहीं लाल सागर से होने वाली तेल आपूर्ति भी ईरान समर्थक हूती विद्रोहियों की धमकी से प्रभावित होगी। कूटनीतिक स्तर पर भी भारत को असहज स्थिति का सामना करना पड़ेगा। भारत इस समय ग्लोबल साउथ के नेतृत्व का दावा करता है और फिलहाल ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है, ईरान भी पिछले साल ब्रिक्स का सदस्य बन चुका है। ऐसे में क्या भारत इस हमले का विरोध करने की स्थिति में है? भारत ईरान से पुराने संबंधों के चलते क्या अमेरिका से दूरी बना सकता है?

## मस्कट के तट के पास मानवरहित नौका ने तेल टैंकर को टक्कर मारी, एक भारतीय की मौत

**दुबई :** ओमान में मस्कट के तट के पास सोमवार को विस्फोटक पदार्थ लदी एक नौका ने तेल टैंकर को टक्कर मार दी और इस घटना में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ओमान के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि समुद्री सुरक्षा केंद्र ने खबर दी है कि मस्कट प्रांत के तट से 52 समुद्री मील दूर तेल टैंकर एमकेडी वीवाईओएम से एक मानवरहित नौका टकरा गई है। मंत्रालय ने कहा कि हमले के परिणामस्वरूप टैंकर के इंजन में विस्फोट के बाद आग लग गयी और चालक दल के एक सदस्य की मौत हो गई। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चालक दल के शेष 21 सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 3 मार्च, मंगलवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, फाल्गुन शुक्लपक्ष पूर्णिमा, 17:11 तक, नक्षत्र : मघा, 07:28 तक, योग : सुकर्माण, 10:24 तक, सूर्योदय: 05:58, सूर्यास्त: 17:40, चन्द्रोदय : 17:38, चन्द्रास्त: 05:41, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 14:42 से 16:10

## राशिफल

**मेष :** आज करियर में रुको और देखो की नीति अपनाना ही बुद्धिमानी होगी। वक्री ग्रहों के प्रभाव के कारण किसी भी नए बड़े काम की शुरुआत करने या कानूनी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने से बचें।

**वृष :** करियर के मोर्चे पर आज धैर्य ही आपका सबसे बड़ा हथियार है। मंगल और राहु आपको जल्दबाजी में निर्णय लेने के लिए उकसाएंगे, लेकिन वक्री बुध गलतियां करवा सकते है।

**मिथुन :** करियर के मामले में आज आपकी समझदारी की जांच है। ऑफिस में बड़ी-बड़ी बातें करने के बजाय अपने काम पर ध्यान दें। कोई भी बड़ा आर्थिक जोखिम न लें।

**कर्क :** करियर में अभी आप एक बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं। शायद आपको लगे कि आपके काम को वह पहचान नहीं मिल रही है जिसके आप हकदार हैं।

**सिंह :** करियर में आज आप नेतृत्व करना चाहते हैं, लेकिन वक्री ग्रह कह रहे हैं कि पहले पुरानी कमियों को सुधारें। नई शुरुआत के बजाय अपनी रणनीति को बेहतर बनाने पर ध्यान दें।

**कन्या :** करियर में आज सुधार का समय है। आप आगे बढ़ना चाहते हैं, लेकिन सितारे कह रहे हैं कि पहले पुराने काम की कमियां दूर करें। सेविंग्स की प्लानिंग करने के लिए आज का दिन शुभ है।

**तुला :** करियर में आज नया करने के बजाय पुराना सुधारने का दिन है। आपके पास कई विचार होंगे, लेकिन एक काम को अच्छे से पूरा करना ज्यादा जरूरी है।

**वृश्चिक :** करियर में आज आर या पार वाली स्थिति बन सकती है। कोई पुराना प्रोजेक्ट खत्म हो सकता है, जो भविष्य के लिए अच्छा है। ऑफिस की पॉलिटिक्स से दूर रहें।

**धनु :** करियर में आज आप कुछ नया शुरू करना चाहते हैं, लेकिन सितारे कह रहे हैं कि पहले अपनी रणनीति को पक्का करें। तकनीकी दिक्कतों से परेशान न हों।

**मकर :** करियर में आज आप पर्दे के पीछे रहकर काम करना पसंद करेंगे। आपकी असल ताकत मुश्किल काम को संभालने और संसाधनों का सही प्रबंधन करने में दिखेगी।

**कुम्भ :** करियर में आज लीडर बनना चाहते हैं, लेकिन ग्रहण कह रहा है कि बिना टीम के आप आगे नहीं बढ़ पाएंगे। नई शुरुआत करने के बजाय पर्सनल ब्रांडिंग सुधारने पर काम करें।

**मीन :** करियर में आज आप पर्दे के पीछे रहकर काम करना पसंद करेंगे। भले ही आपको तुरंत वाहवाही न मिले, लेकिन आपकी मेहनत नींव को मजबूत करेगी।

# होली : आत्मशुद्धि का आध्यात्मिक पर्व



डॉ घनश्याम बादल

अंतस : बाहरी जगत में रंगों की महत्ता प्रतिपादित करता होली एवं दुल्हंडी का संयुक्त रंगपर्व दस्तक दे रहा है। जहां एक और प्रकृति रंग बिखेर रही है वहीं यह भी सोचने पर मजबूर करता है कि क्या यह केवल पिचकारी, रंग, गुलाल,अबीर और मौज मस्ती मात्र का पर्व है या अंतसचेतना से जुड़ने का अवसर भी है।

यदि गहराई से देखें तो भारतीय सांस्कृतिक चेतना में होली केवल रंग-उत्सव नहीं, बल्कि आत्मा के परिष्कार, चेतना के जागरण और जीवन के नैतिक पुनर्निर्माण का पर्व है। यह पर्व बाहर से जितना रंगीन और उल्लासपूर्ण दिखता है, भीतर से उतना ही गहन, गंभीर और आध्यात्मिक है।

होली का मूल भाव सत् की विजय और असत् के दहन का प्रतीक है, जो मनुष्य के बाहरी संसार के साथ-साथ उसके आंतरिक मनोलोक में भी घटित होता है।

होली केवल हिरण्यकश्यपु और प्रह्लाद की पौराणिक कथा तक सीमित नहीं, अपितु हर मनुष्य के भीतर चल रहे सत्य-असत्य, सद्गुण-दुर्गुण,प्रकाश-अंधकार और सत तथा असत के संघर्ष का सांकेतिक रूप है।

होलिका दहन का अग्निकुंड केवल लकड़ियों का ढेर नहीं होता, वह मनुष्य के भीतर पल रहे अहंकार, द्वेष, ईर्ष्या, क्रोध, लोभ, भय और अविश्वास का प्रतीकात्मक दहन है। अग्नि यहाँ विनाश की नहीं, शुद्धि की प्रतीक शक्ति है। यह वही अग्नि है जो तपस्या में तप , यज्ञ में पवित्रता और आत्मसंस्कार में चेतना का दीपक बनती है।

जब समाज सामूहिक रूप से होलिका दहन करता है, तो वह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं निभाता, बल्कि सामूहिक चेतना में संदेश स्थापित करता है कि बुराई चाहे कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, सत्य ही अंततः विजयी होता है। कह सकते हैं कि प्रहलाद की तरह ही सत्य परेशान तो हो सकता है लेकिन पराजित कभी नहीं होता।

**आत्मा के परिष्कार,चेतना के जागरण और जीवन के नैतिक पुनर्निर्माण का पर्व है होली**



होली का दूसरा चरण -रंगों का पर्व फाग- बाहरी आनंद का उत्सव प्रतीत होता है, लेकिन इसका मूल दर्शन भीतर की दीवारों को तोड़ने में निहित है। रंग जीवन से भेदभाव मिटाते हैं, सामाजिक दूरी खत्म करते हैं, ऊँच-नीच की रेखाएँ ध्वस्त करते हैं।

जब राजा और रंक, धनी और निर्धन, ज्ञानी और अज्ञानी, शुद्र और सवर्ण एक-दूसरे को रंग लगाते हैं, तब समाज के कृत्रिम वर्गीकरण का दहन होता है। यह रंग केवल चेहरे पर नहीं लगते, यह मनोविकारों की दीवारों पर लगकर समरूपता का निर्माण करते हैं, अहंकार की परतों को भिगो कर कोमल एवं लचीला बनाते हैं और मनुष्य को मनुष्य से जोड़ते हैं।

निसंदेह आध्यात्मिक दृष्टि से होली आत्मशुद्धि का पर्व है। मन के विकार-काम,क्रोध, घृणा, असुरक्षा,अहं, ईर्ष्याभी एक प्रकार के भीतरी राक्षस हैं। होली इनका दहन करने का प्रतीकात्मक अवसर देती है।

होलिका का पर्व सिखाता है कि बुराई कोई बाहरी शक्ति नहीं, बल्कि हमारे भीतर पलने वाला विकार है। जब तक मनुष्य अपने भीतर की होलिका को नहीं जलाता, तब तक बाहरी होलिका दहन निरर्थक एवं अधूरा है। इसीलिए होली वास्तव में आत्मविजय का पर्व है, स्वयं पर विजय का उत्सव है।

धार्मिक दृष्टि से होली भक्ति, विश्वास और धैर्य का पर्व है। प्रह्लाद का प्रतीक केवल एक भक्त बालक नहीं, बल्कि वह आंतरिक चेतना का प्रतीक है, जो सत्ता, भय और हिंसा के सामने भी सद् और सत्य से विचलित नहीं होती। होलिका अहंकार और दमनकारी शक्ति का प्रतीक है, जो अंततः स्वयं ही नष्ट हो जाती है। यह कथा मनोवैज्ञानिक स्तर पर भी गहरी है। जब अहंकार जब दुष्ट शक्तियों के साथ मिलकर अग्नि में उतरता है, तो वही अग्नि उसके विनाश बन जाती है; जब विनम्रता और श्रद्धा अग्नि में उतरती है, तो वही अग्नि रक्षक बन जाती है।

संस्कृति के स्तर पर होली सामाजिक समरसता का पर्व है। यह पर्व स्मरण कराता है कि समाज केवल नियमों से नहीं, भावनाओं से बनता है। मेल-जोल, क्षमा, पुनर्मिलन, पुराने मतभेदों का विसर्जन, होली के सांस्कृतिक मूल्य हैं। होलीपर्व केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक पुनर्संस्कार का माध्यम है। यह टूटे संबंधों को जोड़ने, कटुता को घोलने और संवाद की संस्कृति को पुनर्जीवित करने का अवसर देता है।

आधुनिक संदर्भों में तो होली का आध्यात्मिक अर्थ और भी प्रासंगिक हो गया है। आज का मनुष्य बाहरी तकनीकी विकास में आगे है, लेकिन आंतरिक स्तर पर तनाव, अवसाद, असहिष्णुता और हिंसा से घिरा है। ऐसे समय में होली केवल रंगों की मस्ती नहीं, बल्कि मानसिक शुद्धि का पर्व बन सकती है। यदि हम इसे आत्मचिंतन, क्षमा, करुणा और आत्मपरिष्कार से जोड़ दें, तो यह पर्व एक मनोवैज्ञानिक चिकित्सा बन सकता है।

होली का वास्तविक संदेश है – बुराई बाहर से ज़्यादा भीतर की जलानी है; रंग चेहरे पर नहीं, मन पर लगाने हैं; और विजय दूसरों पर नहीं, स्वयं पर प्राप्त करनी है।

जब होली आत्मा के स्तर पर मनाई जाती है, तब वह केवल पर्व नहीं रहती, साधना बन जाती है। वह जीवन को उत्सव में बदलने की प्रक्रिया । बन जाती है, जहाँ हर दिन होली है और हर क्षण होलिका दहन।

सार रूप में कहें तो होली सात्विक सत्य की विजय, तामसी असत्य के दहन और आत्मशुद्धि का ऐसा सांस्कृतिक-अध्यात्मिक पर्व है, जो मनुष्य को केवल रंगीन नहीं बनाता, बल्कि निर्मल बनाता है; केवल उल्लास नहीं, विवेक भी देता है। यही है होली की वास्तविक आत्मा जो तामसी प्रवृत्तियों के दहन और सात्विक प्रवृत्तियों के तमाम कठिनाइयों के बावजूद शाश्वत रूप से बने, बचे रहने का संदेश देती है।

# देश-विदेश

## प्रधानमंत्री मोदी ने बहरीन के शासक और सऊदी अरब के युवराज बात की

### दोनों देशों पर हमले की निंदा की

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को बहरीन के शाह हम्माद बिन ईसा अल खलीफा और सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान से बातचीत की तथा पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के दौरान दोनों देशों पर हुए हमलों की निंदा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों पर हुए हालिया हमले उनकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करते हैं। उन्होंने जॉर्डन के शासक अब्दुल्ला द्वितीय से भी बात की और क्षेत्र में उत्पन्न हो रही स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। मोदी ने बहरीन के शासक और सऊदी अरब के युवराज एवं प्रधानमंत्री से दोनों देशों में रहने वाले भारतीय समुदाय के कुशलक्षेम के बारे में भी बात की। दोनों नेताओं के साथ फोन पर बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता की जल्द से जल्द बहाल होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सऊदी अरब के युवराज और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान के साथ पश्चिम एशिया के बदलते घटनाक्रम पर चर्चा की। भारत सऊदी अरब पर हाल ही में हुए हमलों की निंदा करता है, जो उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन है।'' उन्होंने कहा, ''हम इस बात पर सहमत हुए कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली अत्यंत महत्वपूर्ण है। मैंने इस कठिन समय में भारतीय समुदाय की देखभाल करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।'' प्रधानमंत्री मोदी ने एक अन्य पोस्ट में कहा, ''बहरीन के शाह हम्माद बिन ईसा अल खलीफा से टेलीफोन पर सार्थक वार्ता हुई। भारत बहरीन पर हुए हमलों की निंदा करता है और इस कठिन घड़ी में वहां के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। बहरीन में भारतीय समुदाय को दिए गए उनके अटूट समर्थन के लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं।'' जॉर्डन के शासक के साथ फोन पर हुई बातचीत के बारे में मोदी ने कहा, ''मैंने जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला द्वितीय से बात की। मैंने क्षेत्र में बिगड़ती स्थिति पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की।''

## अमेरिका-इजराइल के हमलों में नतांज परमाणु केंद्र को निशाना बनाया गया: आईएईए में ईरान के राजदूत

**वियना :** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) में ईरान के राजदूत रेजा नजफी ने सोमवार को आरोप लगाया कि अमेरिका-इजराइल के हवाई हमलों में ईरान के नतांज परमाणु संवर्धन स्थल को निशाना बनाया गया है। उनका यह बयान संयुक्त राष्ट्र की इस परमाणु निगरानी एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रॉसी के आकलन के विपरीत है। ग्रॉसी ने कहा है कि 'अब तक' एजेंसी को 'कोई संकेत नहीं मिला है' कि ईरान में परमाणु केंद्रों को निशाना बनाया गया है। नजफी ने यहां आईएईए मुख्यालय में पत्रकारों से कहा, कल उन्होंने फिर से ईरान के शांतिपूर्ण (उद्देश्य वाले) सुरक्षित परमाणु केंद्रों पर हमला किया। उनका यह कहना कि ईरान परमाणु हथियार बनाना चाहता है, बस एक कोरा झूठ है। आईएईए मुख्यालय में रूस के अनुरोध पर संचालन मंडल की बैठक चल रही है। जब नजफी से पूछा गया कि वह किस परमाणु केंद्र की बात कर रहे थे, तो उन्होंने जवाब दिया: नतांज (परमाणु केंद्र)। ईरान में राजधानी तेहरान से लगभग 220 किलोमीटर दूर दक्षिण में नतांज में यह परमाणु केंद्र जमीन के ऊपर और नीचे स्थित प्रयोगशालाओं का एक स्थल है। वहां ईरान के अधिकांश यूरेनियम संवर्धन का कार्य किया गया है।

### लेबनान पर इजराइली हमलों में 31 लोगों की मौत

**दुबई :** हिजबुल्ला के इजराइल पर हमले के बाद लेबनान में इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। अमेरिका व इजराइल द्वारा ईरान को निशाना बनाकर शुरू किए गए हवाई हमलों के बाद हिजबुल्ला के संघर्ष में कूदने तथा इजराइल की ओर से जवाबी कार्रवाई के कारण पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और बढ़ गया है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इन हमलों में 149 लोग घायल भी हुए हैं। मंत्रालय के अनुसार मृतकों में से करीब दो-तिहाई दक्षिणी लेबनान के थे।

### खामेनेई की पत्नी की मृत्यु: ईरानी मीडिया

**तेहरान :** ईरान की मीडिया ने सोमवार को कहा कि सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई की पत्नी मंसूरे खोजस्ते की मृत्यु हो गई है। ईरानी मीडिया के अनुसार, वह शनिवार को अपने पति के कार्यालय पर हुए हमलों के बाद से कोमा में थीं। खोजस्ते (78) और खामेनेई की 1964 में शादी हुई थी। इसके अलावा, ईरान के मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के समूह ने शिक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता का हवाला देते हुए बताया कि इजराइल-अमेरिका के हमलों में ईरान में बीते 48 घंटे में 171 विद्यार्थियों की मौत हुई है। 'ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट न्यूज एजेंसी' के अनुसार मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि मिनाब में स्थित शजारेह तैयबा कन्या प्राथमिक विद्यालय पर हुए घातक हमले में 168 विद्यार्थियों की जान चली गई जबकि 95 अन्य घायल हो गए।

### ईरान पर हमलों के लिए अमेरिका को संयुक्त अड्डों के इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी गई: स्पेन

**मैड्रिड :** स्पेन ने कहा है कि ईरान पर हमलों के लिए अमेरिका को संयुक्त अड्डों के इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी गई। रक्षा मंत्री मार्गरीटा रोबल्स ने कहा कि दक्षिणी स्पेन में रोटा और मोरोन अड्डों से किसी भी प्रकार की सहायता बिल्कुल नहीं दी गई। स्पेन अमेरिका के साथ इन अड्डों को साझा करता है, लेकिन इनकी कमान स्पेन के हाथों में है। मंत्री ने कहा, इन अड्डों को लेकर अमेरिका के साथ एक समझौता है, लेकिन हमारा मानना है कि सैन्य अभियानों के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून व्यवस्था का पालन किया जाना चाहिए और इनके लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन भी होना चाहिए।

## कोलकाता हवाई अड्डे से 20 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द

**कोलकाता :** पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण सोमवार को कोलकाता से कम से कम 20 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। हवाई अड्डे के सूत्रों ने यह जानकारी दी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों के अनुसार, पश्चिम एशिया में युद्ध जैसी स्थिति और उससे जुड़ी परिचालन बाधाओं के कारण विभिन्न अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियों की कई उड़ानें दिन भर के लिए रद्द कर दी गईं हैं। इसमें एमिरेट्स की चार आगमन और चार प्रस्थान करने वाली उड़ानें, कतर एयरवेज और एतिहाद एयरवेज की दो-दो आगमन और दो-दो प्रस्थान उड़ानें, एयर अरबिया की एक आगमन और एक प्रस्थान उड़ान तथा फ्लाईदुबई की एक आगमन और एक प्रस्थान उड़ान शामिल हैं जिनकी सेवा रद्द कर दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि दुबई, दोहा और अबू धाबी जैसे खाड़ी गंतव्यों की यात्रा करने वाले कई यात्री इन उड़ानों के रद्द होने से प्रभावित हुए हैं जिसके कारण एयरलाइनों ने उड़ानों को पुनर्निर्धारित कर या वैकल्पिक व्यवस्था के जरिए उनकी मदद की। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने कहा, विमानों के उड़ान भरने पर बारीकी से नजर रखी जा रही है और यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे हवाई अड्डे के लिए निकलने से पहले अपनी संबंधित एयरलाइंस से संपर्क कर लें। कोलकाता हवाई अड्डा प्रमुख खाड़ी देशों के लिए सीधी उड़ानें संचालित करता है।

## पश्चिम एशिया में उथल-पुथल: भारतीय एयरलाइंस ने सोमवार को 357 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कीं

**नयी दिल्ली/मुंबई :** पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण परिचालन में व्यवधान तीसरे दिन भी जारी रहने को लेकर भारतीय विमानन कंपनियों ने सोमवार को 357 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन रद्द कर दिया। अधिकारियों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सोमवार को देश के चार मुख्य हवाई अड्डों – दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और चेन्नई – पर आगमन और प्रस्थान सहित 300 से अधिक उड़ानें रद्द की गईं। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के मद्देनजर पश्चिम एशिया क्षेत्र के कई हवाई क्षेत्र बंद रहे। नागर विमानन मंत्रालय ने सोमवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, यात्रियों को राहत पहुंचाने के लिए पश्चिम एशिया क्षेत्र की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। मौजूदा स्थिति के कारण आज संचालित होने वाली 357 उड़ानें रद्द कर दी गईं। भारतीय एयरलाइंस ने 28 फरवरी से शुरूआती तीन दिनों में, संघर्ष के कारण विभिन्न गंतव्यों के लिए 1,117 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दीं। अधिकारियों और वेबसाइटों व अन्य स्रोतों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार को इंडिगो ने 163 से अधिक उड़ानें रद्द कीं, जबकि एअर इंडिया समूह (एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस) ने 110 से अधिक उड़ानें रद्द कीं। स्पाइसजेट ने कम से कम 20 उड़ानें रद्द कीं, जबकि अकासा एयर ने आठ उड़ानें संचालित नहीं कीं।

## वर्ग पहेली नं. 3368



*बायें से दायें:-* 1) जीवनकाल, 4) साक्षी, 6) ग्राहक, 7) चार सौ बीस, 9) एक संकरित पशु, 10) माता की भाभी, 12) मौन, 13) तहलका, 15) हमेशा, 17) गिरोह, 18) मूल्य, 19) रुष्ट, 20) लड़ाई-झगड़ा लगानेवाला, 22) पुनरागत, 23) एक धातु, 24) इच्छा; चित्त, 26) नीला *(रंग)*, 28) फ़सादी; झंझटी; हुज्जती, 29) निर्धारित.

*ऊपर से नीचे:-* 1) ज़िक्र, 2) हिफ़ाज़त, 3) गुंडागर्दी, 4) गर्म-जोशी; उष्णता, 5) आग्रह; ज़िद, 8) विष, 11) आठ फर्लांग की दूरी, 14) हैरानी; घुमटा, 15) परिषद, 16) नियतिवादी, 17) घटित; भूतकालीन, 19) मूर्ख, 20) अनुत्तीर्ण, 21) करुणाजनक, 23) तमाचा, 25) पहाड़; अदद, 26) एक गोल कंद *(सागसब्जी)*, 27) पराजित.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मि | न | मि | न | | शा | य | द | | ति |
| | | सा | र | मे | य | | म | रु | त |
| अ | स | ल | | म | र | ना | | चि | र |
| न | | | त | ना | | म | ज़ | | बि |
| मो | ती | चू | र | | घा | व | | अं | त |
| ल | स | | क | र्क | | र | वि | क | र |
| | रा | के | श | | अ | | शा | | |
| दु | | त | | स | म | त | ल | | बं |
| आ | न | न | फ़ा | न | न | | ता | की | द |

## सुडोकू-पहेली-3326

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 3 | | | | |
| | | | | | | | | 7 |
| 4 | | | 1 | | 5 | | | 8 |
| | | 6 | 7 | | | 8 | | |
| 5 | 9 | | | | | | | 1 |
| | | 3 | | 9 | | | | |
| 3 | | | | 7 | | | | 2 |
| | | | | 4 | 2 | | 6 | |
| | 8 | 5 | | | 3 | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3325 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 3 | 8 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 5 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 5 | 6 | 8 | 2 | 1 |
| 7 | 9 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 |
| 6 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 |
| 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 1 | 7 | 3 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 3 |
| 5 | 3 | 8 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 9 |
| 4 | 1 | 9 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 |




बीएसएफ और सीआरपीएफ के हवाले विधानसभा चुनाव, चप्पे-चप्पे पर होंगे जवान

# आयोग ने केंद्रीय बलों की 480 कंपनियों की जिलावार तैनाती को दिया अंतिम रूप

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से पहले निर्वाचन आयोग ने सोमवार को राज्य भर में केंद्रीय बलों की 480 कंपनियों की तैनाती के लिए जिलावार सूची जारी की। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय बलों की 240 कंपनियां पहले ही राज्य में पहुंच चुकी हैं और चुनाव पूर्व तैनाती के तहत विभिन्न जिलों में मार्च शुरू कर चुकी हैं, जबकि शेष 240 कंपनियों के 10 मार्च को पहुंचने का कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि तैनाती के दूसरे चरण के साथ, जिलों में कुल 480 कंपनियों की तैनाती के कार्यक्रम को अंतिम रूप दे दिया गया है। उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग को 11 कंपनियां तैनात की जाएंगी, जिनमें से छह को पहले चरण में और पांच को दूसरे चरण में तैनात किया जाएगा। वहीं, सिलीगुड़ी पुलिस आयुक्तालय में पांच कंपनियां होंगी, जबकि कलिम्पोंग को चार कंपनियां मिलेंगी। अधिकारी के अनुसार, अलीपुरद्वार में कुल सात कंपनियां होंगी और जलपाईगुड़ी में कुल 10 कंपनियां होंगी। उत्तर दिनाजपुर जिले में इस्लामपुर पुलिस जिले को नौ कंपनियां मिलेंगी, जिनमें से पांच पहले ही पहुंच चुकी हैं, जबकि रायगंज पुलिस जिले को 10 कंपनियां मिलेंगी। दक्षिण दिनाजपुर में 10 कंपनियां होंगी, और दूसरे चरण में अतिरिक्त तैनाती की कोई योजना नहीं है। मालदह में 18 कंपनियां काम करेंगी, जिनमें से 12 पहले ही काम शुरू कर चुकी हैं और छह अन्य कंपनियां दूसरे चरण में शामिल होंगी। अधिकारी ने बताया कि मुर्शिदाबाद पुलिस जिले को कुल 20 कंपनियां मिलेंगी, जबकि जंगीपुर पुलिस जिले को 15 कंपनियां मिलेंगी। नदिया में, कृष्णानगर पुलिस जिले को 13 कंपनियां और रानाघाट पुलिस को नौ कंपनियां मिलेंगी। उन्होंने कहा कि कोलकाता में कुल 30 कंपनियां होंगी, जिनमें से 12 को पहले चरण में तैनात किया जाएगा और 18 को दूसरे चरण में भेजा जाएगा। हावड़ा पुलिस आयुक्तालय को 10 कंपनियां मिलेंगी, जबकि हावड़ा ग्रामीण पुलिस जिले को 11 कंपनियां मिलेंगी। हुगली (ग्रामीण) में 16 कंपनियां और चंदननगर पुलिस आयुक्त कार्यालय में 11 कंपनियां तैनात की जाएंगी। अधिकारी के अनुसार, उत्तर 24 परगना में, बारासात पुलिस जिले में 11 कंपनियां, बनगांव में 6, बशीरहाट में 17 और बैरकपुर पुलिस आयुक्तालय में 19 कंपनियां होंगी। बिधाननगर पुलिस आयुक्त कार्यालय में पांच कंपनियां होंगी। उन्होंने कहा कि दक्षिण 24 परगना में, बारुईपुर पुलिस जिले में 13 कंपनियां होंगी, डायमंड हार्बर में 11 और सुंदरबन में 9 कंपनियां तैनात की जाएंगी। पूर्व मेदिनीपुर में 28 कंपनियां तैनात की जाएंगी, जबकि पश्चिम मेदिनीपुर में 20 कंपनियां होंगी। चुनाव निकाय के अधिकारी ने बताया कि झाड़ग्राम में 11 कंपनियां होंगी, जबकि पूर्व बर्दवान में 25 कंपनियां, आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस आयुक्तालय (17), बीरभूम (21) कंपनियां, पुरुलिया (20) और बांकुरा में 13) कंपनियां तैनात की जाएंगी।

**❑ चुनाव तैयारियों पर चर्चा के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ❑ अगले हफ्ते करेगा राज्य का दौरा**

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग का एक दल 9 मार्च से पश्चिम बंगाल का दो दिवसीय दौरा करेगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग के एक दल के 9 मार्च को कोलकाता पहुंचने की उम्मीद है तथा अगले दिन वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर चुनाव तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। अधिकारी ने कहा कि जमीनी हालात के आकलन के आधार पर, चुनाव कार्यक्रम की घोषणा इसी महीने की जा सकती है।

**❑ चुनाव आयोग की केंद्रीय एजेंसियों के साथ बैठक टली, अब बैठक गुरुवार को**

आयोग ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ अपनी बैठक का समय बदल दिया है। अधिकारी ने बताया कि यह बैठक, जो पहले सोमवार शाम 6 बजे होनी थी, अब 5 मार्च को सुबह 10:30 बजे होगी। उन्होंने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, आयकर विभाग, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण, स्वापक नियंत्रण ब्यूरो और केंद्रीय सशस्त्र बलों जैसी एजेंसियों के बैठक में शामिल होने की उम्मीद है। अधिकारी ने कहा कि राज्य में जारी गतिविधियों को देखते हुए बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए बैठक को टाल दिया गया। सोमवार को आयोग ने जिलाधिकारियों के साथ एक वर्चुअल बैठक भी की और उन्हें 9 मार्च को निर्वाचन आयुक्तों के संभावित दौरे के बारे में सूचित किया।

# आत्मतुष्टि छोड़ें, कार्यकर्ता लोगों तक संदेश पहुंचाएं : अभिषेक बनर्जी

**❑ एससी/एसटी सुरक्षित 84 विधानसभा सीट पर 60-दिवसीय जनसंपर्क कार्यक्रम चलाएगी तृणमूल**

**❑ तृणमूल के प्रतिनिधियों की अलग-अलग टीम विशेष वाहनों में यात्रा करके गांवों और बूथों तक पहुंचेंगी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने सोमवार को राज्य के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी)- बहुल 84 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं से जुड़ने के उद्देश्य से 60-दिवसीय जनसंपर्क कार्यक्रम की घोषणा की, साथ ही भाजपा पर राज्य को धन से वंचित करने और हाशिये पर पड़े समुदायों का अपमान करने का आरोप लगाया। तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को बताया कि विधानसभा चुनावों से



पहले एवं होली के बाद पांच मार्च से 'तफसीली संलाप' (विस्तृत संवाद) अभियान शुरू होगा। इस अभियान के दौरान, तृणमूल के प्रतिनिधियों की अलग-अलग टीम विशेष वाहनों में यात्रा करके लक्षित निर्वाचन क्षेत्रों के गांवों और बूथों तक पहुंचेंगी। अभिषेक ने कहा कि प्रत्येक वाहन में तीन से पांच सदस्यों वाला दल होगा, जो जमीनी स्तर पर लोगों से बातचीत करेगा और राज्य सरकार की कल्याणकारी पहलों की जानकारी देगा। पार्टी महासचिव ने कहा कि ये दल भाजपा द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों के 'निरंतर उत्पीड़न' का पर्दाफाश भी करेंगे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि आत्मसंतुष्टि की कोई गुंजाइश नहीं है। हमें आखिरी दो महीनों में पूरी ताकत से लड़ना होगा। इन 84 विधानसभा सीट की जिम्मेदारी आपके कंधों पर है। उन्होंने भाजपा पर जोरदार हमला बोला और आरोप लगाया कि पार्टी ने बार-बार हाशिये पर पड़े समुदायों का अपमान किया है। अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन का जिक्र करते हुए, उन्होंने दावा किया कि मतुआ समुदाय के सदस्यों को पवित्र जल ले जाने के बावजूद मंदिर परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया गया था। तृणमूल नेता ने यह भी दावा किया कि भाजपा बी.आर. आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान में संशोधन करके अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण को समाप्त करने का इरादा रखती है, जबकि उस समय यह आरक्षण केवल 240 सदस्यों तक ही सीमित था।

**❑ 'परिवर्तन यात्रा में भाजपा नेताओं का मछली, अंडे से करें स्वागत'**

उन्होंने बंगालियों की खान-पान की आदतों पर कथित टिप्पणियों को लेकर भी भाजपा नेताओं पर हमला बोला और कहा कि राज्य के लोग 'दिल्ली के जमींदारों' को यह तय नहीं करने देंगे कि वे क्या खाएं या कैसे रहें। अभिषेक ने भाजपा की 'रथ यात्रा' पर भी निशाना साधते हुए उसके नेताओं को 'धोखेबाज' कहा और तृणमूल कार्यकर्ताओं से अपने तरीके से जवाब देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जब उनका रथ आपके इलाके से गुजरे, तो बंगाल की मेहमाननवाजी के साथ उनका स्वागत करें। उन्हें मछली और मांस भेंट करें। उन्होंने लोगों से मिठाइयां भेंट करने का भी आग्रह किया, ताकि उन्हें भाजपा के तथाकथित 'बंगाल विरोधी रुख' की याद दिलाई जा सके। एक अन्य कटाक्ष में, अभिषेक ने कहा कि रथों को संरक्षित किया जाना चाहिए, ताकि 'उल्टो रथ' (वापसी रथ उत्सव) के दौरान नेताओं को वापस भेजा जा सके।

**❑ तृणमूल नेता का दावा, पार्टी को मिलेगी 250 सीटें**

उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि राज्य में भाजपा की सीट की संख्या शून्य हो जाए। उन्होंने तृणमूल को 250 से अधिक सीट के साथ लगातार चौथी बार सत्ता में लाने का आह्वान किया।

# मुख्यमंत्री ने 3500 करोड़ रुपये के कल्याणी एक्सप्रेसवे का किया उद्घाटन

## एसआईआर प्रक्रिया के दौरान जान गवाने वालों को दिया नियुक्ति पत्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को नेताजी इंडोर स्टेडियम से कल्याणी एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। इस परियोजना पर लगभग 3500 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने एसआईआर हादसे में निधन हुए 36 राज्यवासियों के परिवारों में से प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को रोजगार नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया। इसके बाद, उन्होंने होली उत्सव का आनंद लिया और उपस्थित लोगों ने उन्हें बधाई दी। कल्याणी एक्सप्रेसवे कोलकाता और कल्याणी के बीच 40 किलोमीटर लंबा अत्याधुनिक 4/6 लेन का सिग्नल-फ्री मार्ग है, जिसमें कुल 21 फ्लाईओवर शामिल हैं। इसके एक छोर को निमता में बेलघरिया एक्सप्रेसवे से जोड़ा गया है, जबकि दूसरा छोर गंगा पर निर्माणाधीन ईश्वर



गुप्त सेतु और राष्ट्रीय राजमार्ग 12 के बड़े जंक्शन से जुड़ता है। इस मार्ग के खुलने से उत्तर 24 परगना और नदिया जिलों का कोलकाता के साथ संपर्क तेज और सुगम होगा। पहले यह दूरी तय करने में लगभग दो घंटे लगते थे, लेकिन नए सुपर हाइवे के खुलने से यातायात जाम से बचते हुए यात्रा समय आधा हो जाएगा। मुख्यमंत्री द्वारा होमगार्ड की नौकरी का नियुक्ति पत्र पाने के बाद मृतक परिवारों के सदस्य सरकार और मुख्यमंत्री को धन्यवाद देने के लिए पहुंचे।



श्री श्याम मंदिर आलमबाजार द्वारा आयोजित मेला मेरे श्याम का...
फाल्गुन मेला 2026 पर
सुपरिचित समाजसेवी एवं उद्योगपति
श्री गिरधारी लाल गोयनका को समाज-रत्न से सम्मानित करते हुए मन्दिर के ट्रस्टी श्री गोविन्द मुरारी अग्रवाल।




BENGAL ENERGY
BENGAL ENERGY LIMITED
SKIPPER Limited
SHREE KRISHNA TRADERS
baazar
UTKARSH PIPES & FITTINGS
गजानन्द बिड़दीका
delica DECORATIVE PANELS
SPPL SAI PLY PVT LTD
UltraMax 500
550D TMT BAR
ULTRA SHAKTI! MAXIMUM MAZBOOTI!

# राज्य में घुसपैठियों के लिए असम का 'पहचानो, हटाओ और वापस भेजो' मॉडल लागू करेंगे : नितिन नवीन

❑ **भाजपा अध्यक्ष का ऐलान, भाजपा के सत्ता में आने पर इस्लामपुर का नाम किया जाएगा 'ईश्वरपुर'**

**मालदह :** भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को कहा कि अगर उनकी पार्टी राज्य में सत्ता में आती है, तो कथित बांग्लादेशी घुसपैठियों को राज्य से बाहर निकालने के लिए असम के 'पहचानो (डिटेक्ट), नाम हटाओ (डिलिट) और वापस भेजो (डिपोर्ट)' मॉडल को अपनाएगी। विधानसभा चुनाव से पहले मालदह जिले के इस्लामपुर में भाजपा की 'परिवर्तन यात्रा' की शुरुआत करते हुए नवीन ने एक रैली में यह घोषणा भी की कि भाजपा अगर राज्य की



सत्ता में आई, तो इस्लामपुर का नाम बदलकर 'ईश्वरपुर' कर देगी। उन्होंने कहा कि हमने हाल में बिहार में सरकार बनाई है। असम में हम बांग्लादेशी घुसपैठियों को निकालने के लिए 'डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट' का मॉडल अपना रहे हैं। जहां भी ये विदेशी लोग हमारे नागरिकों के अधिकारों को छीन रहे हैं, हम वहां इसे लागू करेंगे। राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में नाम हटाए जाने का जिक्र करते हुए नवीन ने दावा किया कि निर्वाचन आयोग ने बंगाल में '50 लाख से अधिक बांग्लादेशी घुसपैठियों' के मताधिकार पहले ही ले लिए हैं। उन्होंने कहा कि अगर निर्वाचन आयोग 50 लाख से अधिक बांग्लादेशियों के नाम नहीं हटाता, तो बंगाल के लोगों के लिए केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ घुसपैठियों को मिलता। नवीन ने घोषणा की कि सत्ता में आने के बाद भाजपा इस्लामपुर का नाम बदलकर ईश्वरपुर कर देगी। नवीन ने भाषण में उपस्थित लोगों को 'ईश्वरपुर के लोग' संबोधित करते हुए कहा कि हम इस जगह का नाम बदलकर ईश्वरपुर करने के आपके सपने को पूरा करेंगे, क्योंकि यह राजबंशी सुधारक ठाकुर पंचानन बर्मा की, बंगाल के अंतिम हिंदू राजा लक्ष्मण सेन की और क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी पूर्ण चंद्र दास की भूमि रही है। नवीन ने दावा किया कि राज्य के लोगों के मन में अब बदलाव की प्रबल इच्छा जागृत हो गई है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सरकार पर जनता के भरोसे को धोखा देने का आरोप लगाया। भाजपा अध्यक्ष ने रैली के उद्देश्य का उल्लेख करते हुए कहा कि लोगों के दिलों में बसा 'परिवर्तन' का नारा अब जंगल की आग की तरह फैलना चाहिए। हम लोगों की इस इच्छा को सड़कों पर लाएंगे और ममता बनर्जी सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। हम न सिर्फ पश्चिम बंगाल की व्यवस्था बदलेंगे, बल्कि यहां रहने वाले लोगों का जीवन भी बदलेंगे। नवीन ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तुष्टीकरण की राजनीति में लिप्त होकर बंगाल को धोखा देने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाल में काली पूजा करने के लिए हमें अदालत की अनुमति लेनी पड़ती है, लेकिन ममता बनर्जी ने किसी भी समय सड़कों पर नमाज अदा करने की बिना शर्त सहमति दे दी है।

### दिनहाटा में करंट लगने से पांच मजदूरों की मौत
## राज्य सरकार ने दो-दो लाख मुआवजा और नौकरी का किया ऐलान

**कूचबिहार :** जिले के दिनहाटा में पत्थर तोड़ने वाली फैक्ट्री में करंट लगने से पांच मजदूरों की दर्दनाक मौत के बाद राज्य सरकार सक्रिय हो गई है। घटना के कुछ ही घंटों के भीतर मृतकों के परिजनों के लिए आर्थिक मुआवजे और नौकरी की घोषणा की गई। रविवार की रात दिनहाटा महकमा अस्पताल पहुंचकर उत्तर बंगाल विकास मंत्री उदयन गुहा और जिलाधिकारी राजू मिश्रा ने शोक संतप्त परिवारों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया था। मंत्री उदयन गुहा ने बताया कि घटना की जानकारी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को दे दी गई है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मृत प्रत्येक मजदूर के परिवार को 2-2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की गई है। मंत्री ने कहा कि यह क्षति



अपूरणीय है, लेकिन सरकार इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। उल्लेखनीय है कि रविवार की शाम दिनहाटा के विलेज-2 ग्राम पंचायत अंतर्गत गड़गुड़ा इलाके में पत्थर तोड़ने के काम के दौरान ढलाई मशीन 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार की चपेट में आ गई। करंट लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना में पांच मजदूरों की मौत हो गई थी। जबकि तीन मजदूर घायल हो गया थे जो अस्पताल में भर्ती है। प्रशासन ने उनके बेहतर इलाज की व्यवस्था करने की बात कही है। फिलहाल पूरे इलाके में शोक का माहौल है और प्रशासन ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## हावड़ा ज्ञान पीठ स्कूल में रंगारंग होली उत्सव का आयोजन



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा ज्ञान पीठ स्कूल में होली उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत भगवान श्री गणेश और मां सरस्वती के चरणों में अबिर और गुलाल अर्पित कर हुई, जिसमें सभी छात्रों ने भाग लिया। तत्पश्चात छात्रों ने एक-दूसरे को अबिर और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा के अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, नृत्य और नाटिका के माध्यम से कार्यक्रम को चार-चांद लगा दिया। विद्यालय की ओर से होली से संबंधित प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। समारोह के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने अल्पाहार का आनंद लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राकेश गुप्ता और अंकिता चटर्जी का विशेष योगदान रहा। स्कूल के संचालक सुनील शुक्ला ने कहा, होली अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य और अहंकार पर भक्ति की विजय का प्रतीक है। इस पावन अवसर पर हम सभी अपने जीवन से नकारात्मकता, द्वेष और कुविचारों का दहन कर प्रेम, सौहार्द और सद्भाव का प्रकाश फैलाने का संकल्प लें।

## पश्चिम बंगाल जाट समाज का होली प्रीति सम्मेलन

**हावड़ा :** पश्चिम बंगाल जाट समाज द्वारा गत रविवार को अग्रसेन भवन, लिलुआ में होली प्रीति सम्मेलन का आयोजन किया गया। वर्षो से चले आ रहे जाट समाज के इस कार्यक्रम में हर वर्ष की भांति संगीत, भजन, नृत्य का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया जिसमें जाट समाज के लोगों ने बड़े ही उत्साह और गर्मजोशी से कलाकारों का हौशला बढ़ाया। इस वर्ष विख्यात हनुमान चौधरी एंड पार्टी और सुपर हिट डान्सर बबली वर्मा (जयपुर) द्वारा खास प्रस्तुति दी गयी। इस अवसर पर समाज के प्रसिद्ध समाजसेवी, व्यवसायी एवं गणमान्य लोग उपस्थित होकर राजस्थानी और हरियाणवी कल्चर के भजन और कलाओं का लुफ्त उठाया। हरियाणा और राजस्थान से आये कलाकरों ने तरह तरह की कला दिखाकर हाल में बैठे लोगो का भरपूर मनोरंजन किया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों के सम्मानित व्यक्तियों को समाज के तरफ से



सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के एक-एक पदाधिकारी एवं सदस्य का भरपूर सहयोग और योगदान रहा। विशेष रूप से अध्यक्ष मोहन लाल बाना, सचिव उमेद सिंह चबरवाल, रामचंद्र खेरिया, रामस्वरूप चौधरी, चेतन राम डोगीवाल, मदन लाल गोदारा, शंकर लाल जाखड़, प्रकाश ग्वाला, हनुमान प्रसाद साहू, कृष्ण कुमार कोठारी, रामलाल बिस्सु, जगवीर सागवान, उमेद सागवान, आजाद सिंह लाखलान, राजेश पूनिया, जगत पिलानिया, बजरंग जाखड़, जयवीर कसवा, नवीन पूनिया, संदीप भाकर ,प्यारेलाल सियाग, जयमल चौधरी, सरवन जयाणि, संदीप जाज़ड़िया, रूपाराम खेरिया, अरविंद चौधरी, रामदेव भांभू, हरपाल सिंह खोसा। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी संस्था के सचिव उमेद सिंह चबरवाल ने दी।

## भूमिहार एकता मंच का रंगों और उत्साह से भरा भव्य होली मिलन समारोह



**कोलकाता, समाज्ञा :** भूमिहार एकता मंच, पश्चिम बंगाल ने अपने प्रधान कार्यालय आंदोलन आश्रम, लिलुआ में भव्य होली मिलन समारोह आयोजित किया। समारोह की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष त्रिभुवन कुमार मिश्रा ने की, जबकि उद्घाटन का शुभारंभ कोलकाता नगर निगम के वार्ड 25 के पार्षद राजेश सिन्हा ने किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अध्यक्ष त्रिभुवन कुमार मिश्रा ने कहा कि रंगोत्सव के इस पर्व पर सभी पूर्व के भेदभाव भूलकर समाज में एकता और प्रेम स्थापित करना आवश्यक है। मंच के संयोजक जितेंद्र नाथ राय ने उपस्थित अतिथियों और मंच की विभिन्न शाखाओं से आए साथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मंच के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार मिश्रा, प्रधान महासचिव रवींद्र कुमार सिंह, महासचिव गोरख सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार राय, रवि शंकर पांडे, राजकुमार सिंह, सुरेश सिंह, मुकेश ठाकुर, चंद्रमा सिंह, अशोक कुमार ओझा, मनोज कुमार पांडे, भीम पांडे, सत्येंद्र राय सहित अन्य ने अहम भूमिका निभाई।

## बंगाल बिज़नेस एक्सेलरेटर प्रोग्राम कोहोर्ट 2 के सफल समापन की घोषणा

**कोलकाता :** आईआईएम कलकत्ता इनोवेशन पार्क ने आज बंगाल बिज़नेस एक्सेलरेटर प्रोग्राम - कोहोर्ट 2 के सफल समापन की घोषणा की, जिसे इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट कलकत्ता कैंपस में एक हाई-इम्पैक्ट डेमो डे और समापन समारोह के साथ मनाया गया। कोहोर्ट 2 का समापन 25 हाई-पोटेंशियल स्टार्टअप्स के साथ हुआ जो अपनी ग्रोथ के अगले फेज़ के लिए तैयार थे। आईआईएम कलकत्ता इनोवेशन पार् के सीईओ डॉ. वीके राय ने कहा, बंगाल बिज़नेस एक्सेलरेटर प्रोग्राम के साथ हमारा मकसद सिर्फ बिज़नेस की बुनियादी बातें सिखाना नहीं है, बल्कि एक ऐसा पूरा सपोर्ट सिस्टम बनाना है जो वेंचर्स को उनके बिज़नेस मॉडल को मजबूत करने, नए मार्केट तक पहुंचने और सही इन्वेस्टर्स से जुड़ने में मदद करे।

## श्री गणेश लक्ष्मी मार्केट एसोसिएशन का रंगारंग रंगोत्सव 2026 धूमधाम से संपन्न

**हावड़ा :** मधुसूदन पॉल चौधरी लेन स्थित श्री गणेश लक्ष्मी मार्केट एसोसिएशन ने अपने मार्केट प्रांगण में रंगारंग 'रंग रंगीला रंगोत्सव 2026' का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में मार्केट के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और होली का पर्व आपसी सौहार्द के साथ मनाया। दोपहर में स्वादिष्ट व्यंजनों के बाद शाम 3 बजे से प्रीतम दुबे म्यूजिकल ट्रुप के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। सुगंधित गुलाल और केसरिया ठंडई ने उत्सव के माहौल को और भी आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर बैंतरा पाइप फिटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल बैध, महासचिव झंटू दा और संयुक्त सचिव महाबीर लाटा उपस्थित रहे। साथ ही सामज्ञा हिंदी दैनिक अखबार के



अधिपति अनिल राय ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। संस्था के अध्यक्ष धर्मराज जायसवाल ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया। महेंद्र सोनथलिया, अजय विश्वकर्मा, सतेंद्र जायसवाल, दिनेश साव और घनश्याम जायसवाल ने अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत किया। कार्यक्रम में राधेश्याम जायसवाल, रौसन सिलीगुड़ी, मोहित जिंदल, रमेश विश्वकर्मा, नरेंद्र साँथोलिया, सुरेंद्र साव, रबिशंकर जायसवाल, मनोज जायसवाल, आनंद साव, दिनेश एवं उमेश सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। मंच संचालन संस्था के महासचिव भोला जायसवाल ने किया।

## एसएससी घोटाला मामले में ईडी ने पार्थ और अर्पिता को किया तलब

**कोलकाता, समाज्ञा :** एसएससी (स्कूल सर्विस कमीशन) भर्ती घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पार्थ चटर्जी और उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ने वाली हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दोनों को पूछताछ के लिए तलब करने का फैसला किया है। सूत्रों के मुताबिक, होली के बाद उन्हें ईडी कार्यालय में पेश होने को कहा जाएगा। जानकारी के अनुसार, एसएससी घोटाले की जांच के दौरान कई अहम बिंदुओं पर पार्थ चटर्जी और अर्पिता मुखर्जी के नाम सामने आए हैं। इसी आधार पर प्रवर्तन निदेशालय दोनों से अलग-अलग पूछताछ कर मामले से जुड़े



तथ्यों की पुष्टि करना चाहता है। ईडी सूत्रों के मुताबिक, एसएससी भर्ती घोटाले से जुड़े मनी ट्रेल और अन्य दस्तावेजों की जांच में कई जगह दोनों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। इसी कड़ी में पूछताछ का निर्णय लिया गया है। ईडी सूत्रों के अनुसार, 16 से 18 मार्च के बीच पार्थ चटर्जी और अर्पिता मुखर्जी को समन भेजा जा सकता है। दोनों से अलग-अलग पूछताछ कर जांच को आगे बढ़ाया जाएगा।

## उत्तर हावड़ा श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा एवं सभा ट्रस्ट का होलिकोत्सव 2026

**हावड़ा, समाज्ञा :** उत्तर हावड़ा में तेरापंथ जैन समाज का होली के अवसर पर श्याम गार्डन हावडा में राजस्थानी लोक गीतों का भव्य रंगा रंग आयोजन हुआ। राजस्थान से पधारे अंतरर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गायक संजय मुकुंद टीम एवं राजस्थान से ही पधारी गायिका सोनू कंवर ने उपस्थित सैंकड़ों समाज के लोगों को मंत्र मुग्ध कर सबको नाचने के लिए बाध्य कर दिया। समारोह की भव्यता में चार चांद लगाने हावड़ा के अभिभावक मंत्री अरूप राय, क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक गौतम चौधरी, हावड़ा तृणमूल कांग्रेस नेता महेन्द्र अग्रवाल, कोलकात्ता कारपोरेशन के काउंसलर विजय ओझा और जोधपुर राजस्थान के विधायक अतुल बाफना और अनिल पांडेय उपस्थित थे। मंत्री अरूप राज्य और शशी-सुरेन्द्र सुराणा ने दीप प्रज्ज्वलित एवं सोनू कंवर की गणेश वंदना से आयोजन की शुरुआत हुई। समारोह के विशिष्ठ



सहयोगी प्रतिक चोरडिय, नागराज बरमेचा, राजेन्द्र दुगड़, धमेन्द्र जैन चोरडिया व अन्य उपस्थित थे। सभा अध्यक्ष जुगल किशोर बोथरा, ट्रस्ट के अध्यक्ष जगत सिंह टांटिया, ट्रस्ट के उपाध्यक्ष संजय बच्छावत, ट्रस्ट के मंत्री बुधमल लुनिया, सहमंत्री विनोद कुचेरिया, रणजीत बोधरा, कोषाध्यक्ष आनन्द पारख, सभी मंत्री प्रविण सिंघी, परिषद अध्यक्ष अरुण बोहरा, मंत्री जितेन सिंघी, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम के अध्यक्ष रितेश दुगड़, मंत्री विवेक बांठीया एवं महिला मंडल के कई सदस्य उपस्थित रहे। आयोजन के सफल बनाने में रजत बैद, सुशिल गंग, रोहित सामसुखा, राकेश संचेती, जेठमल सामसुखा, ज्ञानचन्द मुसरफ, अनिल भंसाली, प्रकाश चन्द्र बोथरा, राजू नाहटा, नमन जम्मड़, नमन बच्छावत, संदिप डागा आदि सक्रिय रहे। आयोजन के सफल संचालन का दायित्व अशोक भंसाली ने निभाया।

## एसएमपी कोलकाता ने वित्त वर्ष समाप्ति से पहले तोड़ा कार्गो हैंडलिंग का पिछला रिकॉर्ड

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट (एसएमपी), कोलकाता ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के समाप्त होने से एक माह पहले ही पिछले वर्ष के कुल कार्गो हैंडलिंग आंकड़े को पार कर नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 की अवधि में पोर्ट ने 64.026 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) कार्गो संभाला, जो वित्त वर्ष 2024-25 के पूरे वर्ष के 63.951 एमएमटी से अधिक है।

पोर्ट प्रशासन के अनुसार, यह उपलब्धि निरंतर विकास, परिचालन दक्षता में सुधार और समुद्री व्यापार क्षेत्र के हितधारकों के साथ मजबूत समन्वय का परिणाम है। इस अवधि में कोलकाता डॉक सिस्टम (केडीएस) ने 17.033 एमएमटी कार्गो हैंडल किया, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 15.01 एमएमटी था, जो 13.48 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। वहीं,



हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स (एचडीसी) ने अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 के बीच 46.993 एमएमटी कार्गो संभाला, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 42.697 एमएमटी की तुलना में 10.06 प्रतिशत अधिक है। कुल मिलाकर एसएमपी कोलकाता ने 10.95 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

कंटेनर यातायात में भी रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई। इस अवधि में 8,74,360 टीईयू हैंडल किए गए, जो वित्त वर्ष 2019-20 के 8,44,762 टीईयू के पिछले रिकॉर्ड से लगभग 4 प्रतिशत अधिक है। हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स ने भी 2,09,177 टीईयू हैंडल कर अब तक का सर्वाधिक स्तर हासिल किया।

एसएमपी कोलकाता के चेयरमैन रथेंद्र रमन ने कहा कि वित्त वर्ष समाप्ति से पहले ही पिछले वर्ष के कार्गो आंकड़े को पार करना टीम के समर्पण और समन्वित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पोर्ट प्रबंधन, कर्मचारियों और व्यापारिक साझेदारों के मजबूत तालमेल को दर्शाती है। पोर्ट परिचालन दक्षता, लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण पर लगातार काम कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि एसएमपी कोलकाता आने वाले समय में और ऊंचे मानक स्थापित करेगा।

## मालदह में केवीआईसी का मेगा वितरण अभियान, खादी और ग्रामोद्योग को मिली नई रफ्तार

### 490 कारीगरों को मिली 1120 मशीनें और टूलकिट

**कोलकाता :** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार ने पश्चिम बंगाल के मालदह में मशीन एवं टूलकिट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य के कारीगरों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत', 'वोकल फॉर लोकल', 'मेड फॉर वर्ल्ड' और 'हर घर स्वदेशी' अभियानों से जोड़ते हुए उन्हें केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना था। कार्यक्रम में केवीआईसी के अध्यक्ष मनोज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मालदह उत्तर के सांसद खागेन मुर्मू तथा इंग्लिश बाजार (मालदह) की विधायक श्रीरूपा मित्रा चौधरी भी मौजूद रहीं।

ग्रामोद्योग विकास योजना (जी-



वीवाई) के तहत पश्चिम बंगाल के 490 प्रशिक्षित कारीगरों को कुल 1,120 मशीनें एवं टूलकिट वितरित की गईं। इनमें 320 इलेक्ट्रिक कुम्हार चाक, 700 बी बॉक्स, 20 अगरबत्ती निर्माण मशीनें, 40 वेस्ट-वुड किट, 20 इलेक्ट्रिशियन टूलकिट तथा 20 मोबाइल रिपेयर टूलकिट शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, पूर्वोत्तर के पांच राज्यों अरुणाचल प्रदेश 284, नागालैंड 152, मिजोरम 100, त्रिपुरा 97 और मणिपुर 28 के कारीगरों को वर्चुअल माध्यम से 661 मशीनें प्रदान की गईं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनोज कुमार ने कहा कि 'न्यू खादी ऑफ न्यू इंडिया' आत्मनिर्भरता, उद्यमिता और सशक्त ग्रामीण अर्थव्यवस्था का प्रतीक बन चुकी है। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल में 464 खादी संस्थान संचालित हो रहे हैं, जो 50 हजार से अधिक लोगों को रोजगार दे रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 2021-22 से फरवरी 2026 तक 8,419 इकाइयाँ स्थापित की गईं, जिनके लिए 316 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी जारी की गई और 73 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिला। पिछले 11 वर्षों में खादी एवं ग्रामोद्योग का कारोबार 1.70 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है तथा 2 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। कार्यक्रम में खादी संस्थानों के प्रतिनिधि एवं राज्य सरकार के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## पेंशनभोगियों के लिए 2 लाख से अधिक कैशलेस इलाज की सुविधा, राज्य सरकार की नई गाइडलाइन

**कोलकाता :** पेंशनभोगियों के लिए राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए कैशलेस इलाज की सीमा बढ़ा दी है। पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य परियोजना के तहत अब जटिल आईपीडी (इनडोर पेशेंट डिपार्टमेंट) उपचार के मामलों में 2 लाख रुपये से अधिक खर्च होने पर भी कैशलेस सुविधा का लाभ मिल सकेगा। नई व्यवस्था के अनुसार, यह अतिरिक्त कैशलेस सुविधा केवल सूचीबद्ध (एम्पैनल्ड) निजी अस्पतालों में उपलब्ध होगी। संबंधित अस्पताल को 10 दिनों के उपचार खर्च का अनुमानित ब्योरा मेडिकल सेल में जमा करना होगा। निर्देश के मुताबिक मेडिकल सेल 24 कार्यघंटों के भीतर निर्णय लेगा। यदि तय समय के भीतर कोई निर्णय नहीं लिया जाता है, तो 75 प्रतिशत तक की स्वीकृति स्वतः प्रभावी हो जाएगी। यह नई गाइडलाइन पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों दोनों पर लागू होगी। राज्य सरकार के इस निर्णय से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे पेंशनभोगियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

## नियोगी बुक्स ने नंबर 1 आकाशगंगा लेन लॉन्च की



**कोलकाता :** नियोगी बुक्स को अपने थॉर्नबर्ड इंप्रिंट के तहत अपना लेटेस्ट टाइटल, नंबर 1 आकाशगंगा लेन, अशोक मुखोपाध्याय की, जिसे बंगाली से जेनिथ रॉय ने ट्रांसलेट किया है, रिलीज़ करते हुए गर्व हो रहा है। यह किताब 27 फरवरी, 2026 को चैप्टर 2 रेट्रो डाइनिंग में लॉन्च की गई। यह किताब मशहूर फिल्ममेकर मिस्टर गौतम घोष, मशहूर आर्टिस्ट, एक्टिविस्ट और कल्चरल इंस्टीट्यूशन के फाउंडर मिस्टर शुभप्रसन्न भट्टाचार्य, मशहूर एक्टर अरिंदम सिल और जाने-माने कवि सुबोध सरकार की शानदार मौजूदगी में लॉन्च की गई। किताब के लेखक अशोक मुखोपाध्याय से जब किताब के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'एक शाम, जब मैं साल्ट लेक रोड पर चल रहा था, तो मैंने देखा कि एक डिलीवरी राइडर-एक गिग वर्कर-अचानक ज़मीन पर गिर गया। उसकी मोटरबाइक किसी गंदगी पर फिसल गई थी। मैं दौड़कर गया, और एक ट्रैफिक पुलिस वाले की मदद से उसे फर्स्ट एड देना शुरू किया।

## पूर्व रेलवे ने अपनाया सेवा संकल्प प्रस्ताव और 'विकसित भारत-2047' की दृष्टि

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने फेयरली प्लेस स्थित अपने मुख्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर केंद्र सरकार द्वारा घोषित सेवा संकल्प प्रस्ताव को अपनाया। इस बैठक की अध्यक्षता पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कार ने की, जिसमें शीलेंद्र प्रताप सिंह, अतिरिक्त महाप्रबंधक और अन्य प्रमुख विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। यह प्रस्ताव, जो 24 फरवरी 2026 को नए प्रधानमंत्री कार्यालय 'सेवा तीर्थ' में केंद्रीय कैबिनेट की पहली बैठक में अपनाया गया था, औपनिवेशिक धरोहर से नागरिक-केंद्रित शासन की ओर भारत की संक्रमण यात्रा का प्रतीक है। प्रस्ताव में स्पष्ट किया गया है कि हर निर्णय 1.4 अरब नागरिकों की सेवा, संवैधानिक मूल्यों और नागरिक देवो भव के सिद्धांत के अनुरूप लिया जाएगा।



बैठक में प्रस्ताव का पाठ किया गया और इसके कार्यान्वयन पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्य बिंदुओं में यह शामिल था कि ईस्टर्न रेलवे के सभी निर्णय नागरिक देवो भव के अनुरूप होंगे और मुख्यालय को शक्ति प्रदर्शन के बजाय नागरिक सशक्तिकरण का केंद्र बनाया जाएगा। सेवा तीर्थ गतिशीलता, समर्पण और समाधान को बढ़ावा देता है। पूर्व रेलवे ने 'विकसित भारत-2047' के लक्ष्य के लिए पुनः समर्पण जताया। आधुनिक तकनीक और कुशल प्रणालियों के माध्यम से प्रत्येक कर्मचारी देश के अंतिम नागरिक तक सेवाओं को सरल बनाएगा। सही नीतियों, ईमानदार प्रयास और नेतृत्व से विकसित भारत की राह रोशन रहेगी। सेवा तीर्थ को वैश्विक स्तर पर संवेदनशील, उत्तरदायी और नागरिक-केंद्रित शासन का आदर्श मॉडल बनाया जाएगा। महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने कहा, यह प्रस्ताव हमें अडिग समर्पण के साथ सेवा करने के लिए प्रेरित करता है और हमारे प्रयासों को विकसित भारत की राष्ट्रीय दृष्टि के अनुरूप सरेखित करता है।

## कोलकाता मेट्रो होली पर 4 मार्च को संशोधित समय-सारणी के साथ सेवा प्रदान करेगी



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो रेलवे द्वारा होली के अवसर पर 4 मार्च को मेट्रो सेवाएं संशोधित समय-सारणी के अनुसार संचालित होंगी। ब्लू लाइन पर सामान्यत 272 सेवाओं के स्थान पर इस दिन 194 सेवाएं (97 अप+97 डाउन) चलाई जाएंगी। प्रथम और अंतिम सेवाओं का समय पूर्ववत रहेगा। इसके अलावा, उसी दिन ईडन गार्डन्स में आयोजित आईसीसी टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप 2026 सेमी-फाइनल मैच के बाद एस्प्लेनेड स्टेशन से विशेष मेट्रो सेवाएं चलेंगी, जो एस्प्लेनेड-दक्षिणेश्वर और एस्प्लेनेड-शहीद खुदीराम मार्गों पर 23:15 बजे प्रस्थान करेंगी और सभी स्टेशनों पर रुकेंगी। केवल एस्प्लेनेड मेट्रो स्टेशन पर ही इन विशेष सेवाओं के लिए टिकट काउंटर खुला रहेगा। ग्रीन लाइन पर सामान्यत 228 सेवाओं के स्थान पर 186 सेवाएं (93 अप+93 डाउन) चलाई जाएंगी, जबकि येलो लाइन पर 120 सेवाओं के बजाय 92 सेवाएं (46 अप+46 डाउन) संचालित होंगी। येलो लाइन की अंतिम सेवाएं नोआपाड़ा से जय हिंद विमानबंदर 20:58 बजे और जय हिंद विमानबंदर से नोआपारा 21:18 बजे चलेंगी। ऑरेंज और पर्पल लाइन पर इस दिन नियमित सेवाएं पूर्ववत समय पर उपलब्ध रहेंगी।

## जियो फाइनेंस ने भारत के लिए इंटेलिजेंट डिजिटल मार्केटप्लेस किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** जियो फाइनेंस प्लेटफॉर्म एंड सर्विस लिमिटेड (जेएफपीएसएल), जो जियो फाइनेंशियल सर्विसेस लिमिटेड (जेएफएसएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, ने भारत के लिए एक इंटेलिजेंट डिजिटल मार्केटप्लेस के रूप में नया जियो फाइनेंस ऐप लॉन्च किया है। कंपनी ने इसके साथ 'फिनसाइडर' नामक अर्ली एक्सेस प्रोग्राम भी शुरू किया है, जिसके तहत यूज़र्स ऐप का शुरुआती अनुभव लेकर फीडबैक दे सकेंगे और जियो पॉइंट्स अर्जित कर विभिन्न रिवॉर्ड्स में रिडीम कर सकेंगे। प्रबंध निदेशक एवं सीईओ हितेश सेठिया ने कहा कि उद्देश्य हर भारतीय को पारदर्शी और भरोसेमंद वित्तीय समाधान उपलब्ध कराना है।

# भाजपा सरकार बनने के एक माह के भीतर अपराधी होंगे जेल में : राजनाथ सिंह

❑ **रक्षा मंत्री का दावा, राज्य में बेरोजगारी समाप्त करने में लगेंगे लगभग पांच से 10 साल**
❑ **केंद्रीय मंत्री का आरोप, तृणमूल के 15 साल के शासनकाल में 7,000 कंपनियां राज्य को छोड़ी**



**हावड़ा, समाज्ञा :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार आने के एक महीने के भीतर अपराधी 'जेल में होंगे या भगवान जाने कहां'। उन्होंने, हालांकि कहा कि बंगाल में बेरोजगारी समाप्त करने में लगभग पांच से 10 साल लगेंगे। हावड़ा जिले के आमता में आयोजित 'परिवर्तन यात्रा' रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा। उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा सरकार बनने के एक महीने के भीतर, अपराधी या तो जेल में होंगे, या भगवान जाने कहां। उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल में भाजपा सरकार युवाओं के लिए रोजगार पैदा करेगी। सिंह ने कहा कि यहां बेरोज-गारी की समस्या को समाप्त करने में हमें पांच से 10 साल लगेंगे। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि 2011 में तृणमूल कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से 7,000 कंपनियां राज्य छोड़ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर उद्योग और युवा बेहतर अवसरों की तलाश में राज्य से बाहर जा रहे हैं, वहीं 'यहां की सरकार खुले तौर पर अवैध प्रवासियों को आमंत्रित कर रही है'। सिंह ने दावा किया कि यदि राज्य में भाजपा सत्ता में आती है तो वह घुसपैठ पर रोक लगाएगी। उन्होंने कहा कि हम राज्य से हर अवैध घुसपैठिये को बाहर निकालेंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे राज्य में 'डबल इंजन' सरकार, यानी बंगाल और केंद्र, दोनों जगह भाजपा की सरकार सुनिश्चित करें। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस राज्य में लोगों को विभाजित कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि समाज सुधारने के लिए राजनीति करती है, जबकि तृणमूल राज्य के लोगों को विभाजित कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से पूछा कि राज्य में अपराध में लिप्त लोगों को सजा क्यों नहीं दी जाती? आप 15 साल से सरकार चला रही हैं, पश्चिम बंगाल में गरीबी क्यों नहीं मिटाई गई और महिलाएं सुरक्षित क्यों महसूस नहीं करतीं? ममता पर अपराधियों को तरजीह देने का आरोप लगाते हुए, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उनका (ममता का) स्नेह अपराधियों, भ्रष्टाचारियों और एक विशेष धर्म के लोगों के लिए है। उन्होंने यह भी कहा कि अपराधियों का अब यह मानना है कि उनकी (ममता की) सरकार में उनका कोई नुकसान नहीं होगा। सिंह ने दावा किया कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार, महिलाओं पर अत्याचार की सबसे अधिक घटनाएं बंगाल में होती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाल में कानून तोड़ने वाले ही हावी हैं, कानून नहीं। रक्षा

## सत्ता में आएंगे तो बंगाल की तस्वीर और जनता की तकदीर बदलेंगे : शिवराज सिंह चौहान



**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को बशीरहाट जिले के संदेश-खाली विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल हुए और एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद हम बंगाल की तस्वीर और यहां के लोगों की तकदीर भी बदलेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बंगाल की पवित्र धरती ने पूरे देश को दिशा दी है। राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत दोनों इसी धरा से निकले हैं। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बंगाल की कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार, घुसपैठ और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना की। भ्रष्टाचार के कारण पूरा बंगाल त्रस्त और परेशान है। घुसपैठिए राज्य के संसाधनों पर कब्जा कर रहे हैं। जल, जमीन और जंगल पर कब्जा हो रहा है। बंगाल की जनता के हक छीने जा रहे हैं और आम आदमी पीड़ित है। टीएमसी को बंगाल की चिंता नहीं है, चिंता है तो केवल घुसपैठियों को बचाने की, क्योंकि वही घुसपैठिए वोट बैंक बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प है कि, एक-एक घुसपैठिए की पहचान की जाएगी और जो देश का नागरिक नहीं है, उसे चुन-चुनकर बाहर निकाला जाएगा। टीएमसी की घुसपैठ और तुष्टीकरण की नीति ने बंगाल को दंगों की आग में झोंकने का काम किया है। वोट बैंक की राजनीति के लिए समाज को बांटने की कोशिश की जा रही है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य में धार्मिक आयोजनों को लेकर भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। हिंदू त्योहार और पर्व मनाने के लिए अनुमति लेनी पड़ती है। यह स्थिति शर्मनाक है।

## आलू किसानों के लिए भाजपा का राजनीतिक प्रदर्शन



**हुगली :** चुनाव से पहले किसानों के दुख-दर्द पर मरहम लगाने कोई नहीं पहुंचा, लेकिन चुनाव नजदीक आते ही किसानों की समस्याएं याद आने लगीं। खेतों में आलू की उचित कीमत नहीं मिलने से किसान भारी नुकसान का सामना कर रहे हैं। राज्य सरकार पूरी तरह उदा-सीन है इस आरोप को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरामबाग-कोलकाता 2 नंबर राज्य सड़क पर रास्ता जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। मुख्य राज्य सड़क के पुरशुड़ा मोड़ पर स्थानीय विधायक बिमान घोष के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर आलू फेंककर और टायर जलाकर लंबे समय तक मार्ग अवरुद्ध रखा। अवरोध के कारण सड़क पूरी तरह बंद हो गई और लंबे समय तक भारी यातायात जाम की स्थिति बनी रही। इस दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। आरोप है कि चुनाव से पहले किसानों को अपने पक्ष में करने और फसल के उचित मूल्य की मांग को लेकर यह आंदोलन किया गया। किसानों का कहना है कि उन्हें 50 किलो आलू की बोरी मात्र 200 से 250 रुपये में बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जबकि प्रति बीघा खेती में 30 से 32 हजार रुपये तक खर्च आ रहा है। ऐसे में लागत तक नहीं निकल पा रही और किसान आर्थिक संकट व कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं।

## रक्तहीन मतदान सुनिश्चित करने की मांग को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर



**कोलकाता :** वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले रक्तहीन मतदान सुनिश्चित करने की मांग को लेकर कलकत्ता उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ता ने मुख्य न्यायाधीश की डिवीजन बेंच से मामले की शीघ्र सुनवाई की अपील की है।

याचिका में दावा किया गया है कि हाल के चुनावों के दौरान और उसके बाद सामने आई हिंसा की घटनाओं ने राज्य के लोकतांत्रिक माहौल को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। विभिन्न जिलों में कथित तौर पर जानमाल का नुकसान, आगजनी, तोड़फोड़, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार और आम मतदात-ाओं को डराने-धमकाने जैसी घटनाओं का उल्लेख किया गया है। विशेष रूप से 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद राज्य के कई हिस्सों में व्यापक हिंसा के आरोप लगे थे और कई लोगों के बेघर होने की बात कही गई थी। उस समय मामला उच्चतम न्यायालय तक पहुंचा था।

याचिकाकर्ता ने आगामी चुनाव में स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भय मतदान सुनिश्चित करने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती, सभी बूथों पर निगरानी व्यवस्था, निष्पक्ष सुरक्षा घेरा और प्रशासन के उच्चस्तरीय पर्यवेक्षण की मांग की है। उनका कहना है कि मतदाताओं का विश्वास बहाल करने के लिए पहले से सख्त और ठोस सुरक्षा योजना लागू की जानी चाहिए।

**Name Change**

I, Rajib Konar S/o Late Sunil Krishna Konar, residing 101, Sarada Lane, Power House para, Burdwan, Dist- Purba Bardhaman, West Bengal, Pin - 713101, Declares through affidavit form 1st Class Judicial Magistrate, Sealdah Court vide dated 19.02.2026 that my name has been incorrectly written as Rajib Koner in my employee (BSF) service record. whereas my correct name is "Rajib Konar. Henceforth, my name is to be read and used as Rajib Konar for all future reference, which is true & correct.

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सं.: डब्ल्यू2_623_सेफ्टी-फेंसिंग_एएसएन, दिनांक 25.02.2026; प्रधान मुख्य अभियंता, पूर्व रेलवे, फेयरली प्लेस, 17, एन.एस. रोड, कोलकाता-700001 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल - सीनि. डीईएन/1/एएसएन एवं सीनि. डीईएन/2/एएसएन के अधिकार क्षेत्र के अधीन मौजूदा नई दिल्ली-हावड़ा रूट पर सीतारामपुर-झाझा अनुभाग में 130 किमी प्रति घंटा रूट पर स्टील डब्ल्यू-बीम/क्रैश बैरियर का प्रयोग कर सुरक्षा फेंसिंग, वेल्डेड मेश पैनल फेंसिंग का निर्माण, कुल 168 किमी [चेनेज: (i) जसीडीह-झाझा अनुभाग किमी. 320 से किमी. 364 तक (44 किमी अप एवं डाउन साइड) तथा (ii) सीतारामपुर-मधुपुर अनुभाग किमी. 230 से किमी. 257 तक (27 किमी अप एवं डाउन साइड) एवं सीतारामपुर-मधुपुर अनुभाग किमी. 276 से किमी. 292 (16 किमी अप एवं डाउन साइड)]। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 64,86,89,598.60। **बयाना राशि:** रु. 33,93,500। **समापन अवधि:** 18 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 02.04.2026 को अपराह्न 2.00 बजे तक। निविदा दस्तावेज का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। (MISC-411/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-30-25, दिनांक 25.02.2026; वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), पूर्व रेलवे, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-30-25 के तहत निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम साथ में उसका स्थान:** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में पुल सं. 17, 42, 51, 166 एवं 230 के गर्डरों के प्रतिस्थापन के संबंध में 25 केवी एसी ओएचई का आधुनिकीकरण। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 41,14,061.82; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा:** रु. 82,300; **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **कार्य समापन अवधि:** एलओए के जारी किए जाने की तारीख से 12 (बारह) महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 20.03.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा खोला जाना:** निविदा बंद होने के उपरांत किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदा के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देश के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (HWH-656/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## श्री कृष्ण जायसवाल ने औषधालय के 50वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में होली प्रीति सम्मेलन का किया आयोजन



**कोलकाता :** श्री कृष्ण जायसवाल द्वारा औषधालय के 50वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में होली प्रीति सम्मेलन का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में डॉ. विश्वनाथ घोष, डॉ विक्रम घोष, डॉ हरी नारायण जायसवाल, समाज के विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान किया गया। सार्थ ही श्री सहस्त्रार्जुन जयन्ती समारोह समिति के अध्यक्ष विकास जायसवाल, कोषाध्यक्ष गणेश चन्द्र जायसवाल, रतन जायसवाल, जय प्रकाश जायसवाल, भास्कर जायसवाल, रमेश जायसवाल, अनिल जायसवाल का सम्मान कर प्रिति सम्मेलन का समापन किया गया। औषधालय के अध्यक्ष संजय कुमार जायसवाल द्वारा स्वागत भाषण दिया गया मंत्री राजेश कुमार जायसवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त सभा समापन किया गया। इस कार्यक्रम में संजय मिश्रा, नरेश शाह, उमाकांत जायसवाल, राजेश जायसवाल, गोपाल साव और काली प्रसाद जायसवाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उप-स्थित थे। राजेश जायसवाल (एलआईसी) ने औषधालय के लिए व्हीलचेयर दान करने की घोषणा की। सभी उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया और स्वादिष्ट मिठाइयों और ठंडाई का आनंद लिया।

## देवानंदपुर में वैध वोटरों के नाम हटने पर विवाद, साजिश के आरोप से गरमाया माहौल

**हुगली, समाज्ञा**

देवआनंदपुर ग्राम पंचायत क्षेत्र में एसआईआर सूची से कई वैध मतदाताओं के नाम हटाए जाने को लेकर इलाके में भारी नाराज़गी और विवाद का माहौल बन गया है। जिन लोगों के नाम सूची से हटे हैं, उनका दावा है कि चुनाव आयोग द्वारा मांगी गई सभी जरूरी जानकारी जमा करने के बावजूद उनके नाम क्यों हटाए गए, इसका कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया।

मतदाताओं का कहना है कि लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी के नाम पर नाम हटाने का कोई तर्क समझ में नहीं आ रहा है। इस मुद्दे को लेकर देवआनंदपुर में साजिश के आरोप भी लग रहे हैं।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, दे-वआनंदपुर ग्राम पंचायत इलाके में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम डिलीट हो गए हैं। दूध विभाग के कर्मचारी गणेश दास का नाम भी सूची से हटा दिया गया है। उन्होंने बताया कि सूची देखने के बाद उन्होंने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद उन्हें महकमा शासक कार्यालय जाने को कहा गया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब वह एक वैध मतदाता हैं तो बार-बार कार्यालय के चक्कर क्यों लगाएं, जबकि उनके परिवार के बाकी सदस्यों के नाम सूची में मौजूद हैं।

पूर्व बीएलओ अनुराधा विश्वास ने कहा कि जब वह बीएलओ के रूप में कार्यरत थीं, तब मृत लोगों के नाम हटाने के लिए बार-बार सूचना देने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई, लेकिन अब जीवित लोगों के नाम ही हटा दिए गए हैं।

स्थानीय निवासी सृजा चक्रवर्ती ने बताया कि उनका परिवार लगभग 50 वर्षों से देवआनंदपुर में रह रहा है। उनके पति और बेटे का नाम सूची में है, लेकिन उनका नाम हटा दिया गया।

देवानंदपुर ग्राम पंचायत के तृणमूल सदस्य महेश राजभर का नाम भी सूची से हट गया है। उन्होंने कहा कि वह तीन बार नामांकन दाखिल कर चुनाव जीत चुके हैं और सभी आवश्यक दस्तावेज मौजूद होने के बावजूद सुनवाई के बाद भी उनका नाम हट जाना हैरान करने वाला है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे विस्तृत अनुसार वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ई-निविदा प्रणाली के जरिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी)/सांतरागाछी, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर मंडल द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना सं.: इलेक्ट-सीएचजी-ओटी-25-26-आरएमपीयू1, कार्य का नाम :** कोचिंग मेन्टेनेंस डिपो (सांतरागाछी, शालीमार और पद्मपुकुर) में तीन (3) वर्ष की अवधि के लिए एलएचबी/एसजी एसी कोचों की रूफ माउंटेड पैकेज यूनिटों (आरएमपीयू) का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी)। **निविदा मूल्य :** रु. 15,08,49,741.07, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति :** रु. 9,04,300/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 23.03.2026 को 11.00 बजे। योग्य ठेकेदारों से अनुरोध है कि इसके लिए केवल ऑनलाइन के माध्यम से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में आवेदन करें। इस निविदा के लिए कोई ऑफलाइन निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। विवरण के लिए, कृपया डॉक्यूमेंट सेक्शन में अपलोड किए गए निविदा कागजात को ध्यान से पढ़ें। निविदा सूचना, निविदा कागजात व अन्य विवरण **www.ireps.gov.in** में उपलब्ध हैं। (PR-1255)

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

प्रधान मुख्य अभियंता, मेट्रो रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** "मेट्रो रेलवे/कोलकाता की ब्लू लाइन के विभिन्न स्टेशनों पर दिव्यांगजन टॉयलेट, कम ऊँचाई के टिकट काउंटर, कम ऊँचाई के वाटर बूथ एवं रैम्प की व्यवस्था के लिए कार्यों का निष्पादन।" **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु.2,01,86,531.91, **बयाना राशि:** रु. 2,50,900/-, **समापन अवधि:** 09 (नौ) माह। **अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 25.03.2026 को 12.00 बजे। निविदा कागजात और अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। किसी संयोजनी/संशोधनी को केवल वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।
**संक्षिप्त ई-निविदा सूचना सं. : सिविल-2556-2026-(खुली)**
हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

**Khanakul-II Devevelopment Block**
Senhat, Rajhati, Bandar, Hooghly
**NOTICE INVITING TENDER**
The BDO Kh-II, **NIeT No. 150/BDO KH-II/2025-26, Date: 27.02.2026. Tender ID- 2026_ZPHD_1017191_1 to 4 under MDW Fund.** Bids Submission Ends **16.03.2026 up to 06.00 P.M.** For details visit **wbtenders.gov.in**
Sd/-
Block Dev. Officer
Khanakul-II Dev. Block

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/600, दिनांक 27.02.2026; सीनि. डीएसटीई, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैसर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **ई-निविदा सं.:** एसडीएसटीई/सिग/टी/16/25-26/आरआरएसके; **कार्य का नाम साथ में उसका स्थान:** सियालदह मंडल में कृष्णनगर सिटी जंक्शन-लालगोला अनुभाग के विभिन्न ट्रैक नवीनीकरण कार्य के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 5,21,88,767.27; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा:** रु. 4,11,000; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य समापन अवधि:** 12 महीने। **निविदा जमा शुरू होने की तारीख:** 12.03.2026; **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख:** 26.03.2026 को अपराह्न 2.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीख:** 26.03.2026 को अपराह्न 2.30 बजे। विस्तृत विवरण: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **पात्रता के तकनीकी मानदंड:** निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा काफी हद तक सम्पन्न किया होना चाहिए: (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए। **पात्रता के वित्तीय मानदंड:** निविदादाता द्वारा वी/एन अथवा 'वी' जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, जहां वी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में "कुल अनुबंधकीय भुगतान" के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। **जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेज:** जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। **समतुल्य प्रकृति का कार्य:** डाटा लॉगर अथवा आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना अथवा ईआई अथवा आरआरआई अथवा पीआई अथवा आईबीएस अथवा आईबीएच अथवा एलसी गेट इंटरलॉकिंग अथवा यार्ड मॉडिफिकेशन अथवा यूएफएसबीआई अथवा ट्रैक सर्किट (एएफटीसी अथवा डीसी टीसी) अथवा एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी अथवा एमएसडीएसी अथवा एचएएसएसडीएसी) अथवा स्वचालित सिग्नलिंग सम्मिलित कोई भी सिग्नल इंटरलॉकिंग। **टिप्पणी:** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली हस्ताक्षर होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होना चाहिए। (SDAH-427/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**जालालखालि हाल्ट स्टेशन पर ट्रेनों का अस्थायी अतिरिक्त ठहराव**

मेगा बाइबल कॉन्वेंशन-2026 के संबंध में यात्रियों की प्रत्याशित भीड़ को संभालने के लिए, निम्नलिखित ट्रेनें, **दिनांक 05.03.2026 से 08.03.2026 तक (अर्थात 4 दिन)** सियालदह-रानाघाट-कृष्णनगर सिटी जं. शाखा में **जालालखालि हाल्ट स्टेशन** पर नीचे वर्णित संबंधित समयसूची के अनुसार अस्थायी अतिरिक्त ठहराव प्रदान करेंगी:
**जालालखालि हाल्ट पर समयसूची: अप ट्रेनें:** 53171 अप सियालदह-लालगोला पैसेंजर - 06.07 बजे, **31723 अप** रानाघाट-कृष्णनगर सिटी जं. लोकल - 06.30 बजे, **63133 अप** रानाघाट-लालगोला एमईएमयू - 07.24 बजे, **31815 अप** सियालदह-कृष्णनगर सिटी जं. लोकल - 08.22 बजे, **31819 अप** सियालदह-कृष्णनगर सिटी जं. लोकल - 10.04 बजे, **30145 अप** बीबीडी बाग-कृष्णनगर सिटी जं. लोकल - 10.51 बजे, **63107 अप** सियालदह-लालगोला एमईएमयू - 12.29 बजे, **31825 अप** सियालदह-कृष्णनगर सिटी जं. लोकल - 13.11 बजे, **31769 अप** रानाघाट-लालगोला ईएमयू पैसेंजर -13.38 बजे, **31827 अप** सियालदह-कृष्णनगर सिटी जं. लोकल - 14.17 बजे, **53175 अप** सियालदह-लालगोला पैसेंजर - 14.57 बजे, **63101 अप** कोलकाता-लालगोला एमईएमयू - 16.06 बजे, **31771 अप** रानाघाट-लालगोला ईएमयू पैसेंजर - 17.28 बजे, **31833 अप** सियालदह-कृष्णनगर सिटी जं. लोकल - 18.25 बजे, **63177 अप** सियालदह-लालगोला पैसेंजर - 18.52 बजे, **कुल = 15 अप ट्रेनें।**
**डाउन ट्रेनें: 31816 डाउन** कृष्णनगर सिटी जं.-सियालदह लोकल - 06.11 बजे, **63134 डाउन** लालगोला-रानाघाट एमईएमयू पैसेंजर - 06.24 बजे, **63108 डाउन** लालगोला-सियालदह एमईएमयू- 07.34 बजे, **31722 डाउन** कृष्णनगर सिटी जं.-रानाघाट लोकल - 07.58 बजे, **31802 डाउन** कृष्णनगर सिटी जं.-सियालदह मातृभूमि लोकल (रविवार को छोड़कर) - 08.44 बजे, **31820 डाउन** कृष्णनगर सिटी जं.-सियालदह लोकल - 09.04 बजे, **63176 डाउन** लालगोला-सियालदह एमईएमयू - 10.26 बजे, **63102 डाउन** लालगोला-कोलकाता एमईएमयू - 11.16 बजे, **31768 डाउन** लालगोला-रानाघाट ईएमयू पैसेंजर - 11.38 बजे, **31824 डाउन** कृष्णनगर सिटी जं.-सियालदह लोकल - 12.16 बजे, **53178 डाउन** लालगोला-सियालदह पैसेंजर - 12.32 बजे, **31828 डाउन** कृष्णनगर सिटी जं.-सियालदह लोकल - 14.19 बजे, **31770 डाउन** लालगोला-रानाघाट ईएमयू पैसेंजर - 15.04 बजे, **31832 डाउन** कृष्णनगर सिटी जं.-सियालदह लोकल - 16.24 बजे, **53180 डाउन** लालगोला-कोलकाता पैसेंजर - 17.35 बजे, **कुल = 15 डाउन ट्रेनें।**
**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

## हावड़ा के नागा बाबा आश्रम में होली पर सेवा उत्सव, युवा शक्ति संगम ने जरूरतमंदों के चेहरों पर बिखेरी मुस्कान



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा स्थित नागा बाबा आश्रम में आगामी होली पर्व के अवसर पर एक गरिमामय एवं संवेदनशील सामाजिक सेवा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन युवा शक्ति संगम, कोलकाता द्वारा द केसरिया कुल्हड़ के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम के तहत दृष्टिबाधित (नेत्रहीन) व्यक्तियों एवं वंचित बच्चों के बीच नए वस्त्र, मिठाइयां, फल, नाश्ता सामग्री, उपहार तथा होली स्प्रे का वितरण किया गया। उपहार प्राप्त करते समय बच्चों और लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी स्पष्ट झलक रही थी, जिससे कार्यक्रम का वातावरण भावनात्मक और प्रेरणादायक बन गया। उपस्थित सभी लोगों ने इस मानवीय प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था के अध्यक्ष बिमल सिपानी ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप हावड़ा डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजय सिंह, टीआई हावड़ा सुकांत कर्मकार, प्रख्यात शल्य चिकित्सक डॉ. सिराज अहमद, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. कलामुद्दीन तथा वरिष्ठ संवादिक देवाशीष चक्रवर्ती उपस्थित रहे। आयोजन की सफलता में सुन्दरलाल राखेचा, सुदीप बैंद, जय कांकरिया, निर्मल अग्रवाल, संजय पासवान, सचिन सिंह, श्रीपाल पारख, प्रशांत जैन, विजय तिवारी, महेन्द्र चौधरी, राजेन्द्र सिंघी, आनंद सिंह, प्रवीण चौधरी एवं आलोक जैन का विशेष सहयोग रहा। युवा शक्ति संगम, कोलकाता समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के अपने संकल्प के प्रति दृढ़तापूर्वक प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसे मानवीय एवं सामाजिक सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया है।

## गौड़ीय मठ में डोल यात्रा एवं श्रीचैतन्य महाप्रभु का आविर्भाव महोत्सव

**कोलकाता, समाज्ञा :** गौड़ीय मठ में डोल यात्रा और श्रीचैतन्य महाप्रभु के आविर्भाव महोत्सव का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। डोल यात्रा के उपलक्ष्य में एक दिन पूर्व से ही मंगल आरती, शंखनाद, घंटानाद और अखंड कीर्तन से मंदिर परिसर गूंज उठा। पूरा आश्रम फूलों, आकर्षक प्रकाश सज्जा और वैष्णव पताकाओं से सुसज्जित किया गया। श्रद्धालु सफेद अथवा गेरुए वस्त्र धारण कर, मस्तक पर तिलक लगाकर और हाथों में जपमाला लेकर भजन-कीर्तन में सम्मिलित हुए। केवल नदिया जिला ही नहीं, बल्कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों तथा देश-विदेश से भी बड़ी संख्या में भक्त इस महोत्सव में शामिल हुए। महोत्सव से पांच दिन पूर्व ही धाम परिक्रमा का शुभारंभ हुआ। संत, संन्यासी और भक्तगण महा संकीर्तन के साथ नगर परिक्रमा में सहभागी बने।

**पूर्व रेलवे**

संक्षिप्त निविदा सूचना सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-कॉन-टीआरडी एवं जीईएनएल-184-2026-एनआईटी, निविदा 27.02.2026. निविदा सं. ईएल-एचडब्ल्यूएच-कॉन-टीआरडी एवं जीईएनएल-184-2026; उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पूर्व रेलवे, 371-तेलकल घाट रोड, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन हेतु पर्याप्त वित्तीय क्षमता तथा समुचित अनुभव रखने वाले अनुभवी विद्युतीय ठेकेदारों, साझेदार फर्मों इत्यादि से ई-निविदा प्रक्रिया के जरिए खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** (क) लिलुआ - पूर्व रेलवे के लिलुआ वर्कशॉप में ईएमयू कोच के पीओएच आरम्भ करने के लिए पिट के प्रावधान के साथ ओएचई लाइन, डेडिकेटेड रोड सह रेल ट्रैक के विकास के संबंध में 25केवी ए.सी. सिंगल फेज ओवरहेड उपकरण, एलटी सप्लाई ट्रांसफॉर्मर इत्यादि की डिजाइन, ड्राइंग, आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं चालू करना। (ख) पूर्व रेलवे के लिलुआ में रिमॉडलिंग तथा एलएचबी अनुकूल बे में आईसीएफ बे के पुनर्निर्माण के संबंध में विद्युतीय (जी) कार्य। (ग) पूर्व रेलवे के लिलुआ में एलएचबी कोचों के एमएलआर की बुनियादी सुविधा का विकास। **निविदा मूल्य:** रु. 8,38,19,827.30; **बयाना राशि:** रु. 5,69,100; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि:** 03 (तीन) महीने। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 20.03.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है तथा ऊपर उल्लेखित निविदा बंद होने की तारीख एवं समय को अथवा पहले इस निविदा के लिए ऊपर वर्णित निविदा दस्तावेज की कीमत एवं बयाना राशि का ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत वहां बोलियां जमा की जा सकती हैं। इस निविदा के तहत सभी दस्तावेज के साथ सभी पहलुओं में परिपूर्ण निविदाएं **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जानी चाहिए। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। निविदा दस्तावेज, निविदा सूचना का विवरण, समय-समय पर जारी संशोधनी (यदि कोई हो) तथा अन्य मूल जानकारियां **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। यह निविदा सूचना उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), 371-तेलकल घाट रोड, हावड़ा-711101 के सूचना पट्ट पर भी देखी जा सकती है। (CON-74/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## हुगली जिले में केंद्रीय बल का रूट मार्च



**हुगली :** जिले के आरामबाग तारकेश्वर और मोगरा ब्लॉक अंतर्गत दीगसू-होएड़ा ग्राम पंचायत के अधीन चांपरुई गांव में केंद्रीय सुरक्षा बलों द्वारा रूट मार्च किया गया। आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए इलाके में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्रीय बल के जवानों ने गांव के विभिन्न इलाकों में मार्च किया। रूट मार्च के दौरान जवानों ने संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया तथा स्थानीय लोगों से शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील की। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, चुनाव से पहले कानून-व्यवस्था बनाए रखने और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में केंद्रीय बल की तैनाती और रूट मार्च लगातार जारी रहेगा। रूट मार्च के दौरान स्थानीय पुलिस प्रशासन भी केंद्रीय बल के साथ मौजूद रहा। जवानों की मौजूदगी से इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों में भरोसा बढ़ा है।

## शिबपुर से घुसुड़ी श्याम मंदिर तक भव्य निशान यात्रा, सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल



**हावड़ा, समाज्ञा :** आइडियल बॉयज यूनिटी के तत्वावधान में शिबपुर के कुंडल बागान से घुसुड़ी स्थित श्याम मंदिर तक भव्य निशान यात्रा निकाली गई। धार्मिक यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु नाचते-गाते और भक्ति रस में सराबोर होकर पैदल शामिल हुए और पूरे मार्ग में भजन-कीर्तन व जयकारों से वाता-वरण भक्तिमय बना रहा। यात्रा का नेतृत्व गौतम वर्मा की देखरेख में किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में संतोष, शिव, उत्तम, अमन, शिवम और कौशिक सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे यात्रा सुचारु रूप से संपन्न हो सकी। श्याम मंदिर पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और क्षेत्र में सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, भाईचारा और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा मिलता है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - ई-निविदा**

निविदा सूचना संख्या: PCMM/GENL/TP/2026/07 — दिनांक: 26/02/2026
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय कार्यालय (5वीं मंजिल), नया प्रशासनिक भवन, 11, गार्डन रीच रोड, कोलकाता-700043 के द्वारा खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जो वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निम्नानुसार अपलोड कर दी गई हैं। सभी निविदाएँ 14.00 बजे बंद की जाएंगी।

| क्रम सं. | निविदा सं. | अंतिम तिथि | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बयाना राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 65255044 | 31.03.26 | लॉक बोल्टिंग (हक बोल्टिंग) मशीन। (बोली पूर्व बैठक पीसीएमएम मीटिंग रूम/दक्षिण पूर्व रेलवे/गार्डन रीच/कोलकाता-43 में 17.03.26 को 12.00 बजे आयोजित होगी) | 03 सेट | 1,41,420/- |
| 2 | 76263027ए | 19.03.26 | मैनुअल मेटल आर्क वेल्डिंग इलेक्ट्रोड, साइज़: 4 मिमी X 350 मिमी. आदि। | 272870 मीटर | 1,78,730/- |
| 3 | एचबी261016 | 12.03.26 | एमोक्सिसिलिन सोडियम + क्लैवुलैनेट पोटैशियम 500मिग्रा + 125 मिग्रा आदि। | 494000 टैब | 89,560/- |
| 4 | एचबी261013 | 16.03.26 | इंजे. पाइपेरासिलिन + टैज़ोबैक्टम 4 ग्राम + 0.5 ग्राम शीशी। | 38400 शीशी | 99,100/- |
| 5 | एचबी261007 | 13.03.26 | इंजेक्शन मेरोपेनम 1 ग्राम शीशी | 15400 शीशी | 1,98,110/- |
| 6 | 60260053 | 13.04.26 | कम्पोजिट ग्रूव्ड रबर सोल प्लेट्स 10 मिमी आदि का निर्माण और आपूर्ति। | 4000000 अदद | 20,00,000/- |
| 7 | 6026आरजीसी02 | 19.03.26 | 10 मिमी मोटे पॉकिट टाइप, नायलॉन कॉर्ड रीइनफोर्स्ड ग्रूव्ड रबर सोल प्लेट्स आदि का निर्माण और आपूर्ति। | 380 सेट | 10,89,620/- |
| 8 | 29255115ए | 27.03.26 | केसिंग आदि के साथ ऑयल कूलिंग यूनिट के लिए ब्लोअर। | 21 अदद | 1,09,030/- |
| 9 | 17250002 | 30.03.26 | 2 वर्ष के मेंटिनेंस शेड्यूल के लिए स्पेयर किट (जी डी कंप्रेसर)। | 36 सेट | 3,52,990/- |
| 10 | 29255136 | 30.04.26 | पारंपरिक लोको आदि के लिए ट्राई प्लेट पैनल माउंटेड आईआरएबी-9 ब्रेक सिस्टम। | 30 अदद | 3,97,350/- |
| 11 | आईएफ265133 | 20.03.26 | सबमर्सिबल सीवेज/डी-वाटरिंग पंप। | 36 अदद | 1,11,550/- |
| 12 | आईई265066 | 27.03.26 | एचटी थ्री कोर पावर केबल 2000 मीटर। | 2000 मीटर | 1,46,130/- |
| 13 | 29255068बी | 13.03.26 | आईपी आधारित वीडियो सर्विलांस सिस्टम आदि की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं आरंभ करना। | 1434 सेट | 50,00,000/- |
| 14 | 38253011 | 16.03.26 | कैसनब बोगी के लिए सेंटर पिवॉट वाशर। ड्राइंग नं.: आरडीएसओ का ड्रॉ. नं. डब्ल्यूडी-85079-एस-02, ऑल्ट.28, आइटम नं. 4 | 49350 अदद | 122280.00/- |

इच्छुक निविदाकार निविदाओं के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में इन मदों के लिए मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। **द्रष्टव्य:** प्रत्याशित बोलीदाता सभी अन्य निविदाओं और तत्पश्चात प्रकाशित किसी भी शुद्धिपत्र में भाग लेने के लिए, **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-1250)

## पश्चिम एशिया में संकट गहराने से शेयर बाजार लुढ़का, सेंसेक्स ने लगाया 1,048 अंक



### गिरावट से निवेशकों की संपत्ति 6.59 लाख करोड़ रुपये घटी

**मुंबई :** पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बीच निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को तेज गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,048 अंक का गोता लगा गया जबकि एनएसई निफ्टी 313 अंक के नुकसान में रहा। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी पूंजी निकासी से भी निवेशकों की धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 2,743.46 अंक यानी 3.37 प्रतिशत टूटकर 78,543.73 अंक पर आ गया था। बाद में यह 1,048.34 अंक यानी 1.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,238.85 अंक पर बंद हुआ।

इसी तरह, कारोबार के दौरान 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 575.15 अंक यानी 2.28 प्रतिशत का गोता लगाकर 24,603.50 अंक पर आ गया था। बाद में यह 312.95 अंक यानी 1.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,865.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन, लार्सन एंड टुब्रो, अदाणी पोर्ट्स, मारुति, एशियन पेंट्स और बजाज फिनसर्व के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट आई। केवल भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, सन फार्मा और आईटीसी के शेयर लाभ में रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत में 8.34 प्रतिशत की तेजी आई और यह 78.95 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

### रुपया 41 पैसे की भारी गिरावट के साथ 91.49 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के कारण वैश्विक स्तर पर जोखिम से बचने की धारणा प्रबल होने से सोमवार को रुपया 41 पैसे की जोरदार गिरावट के साथ 91.49 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इन सैन्य हमलों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है और अमेरिकी मुद्रा की मांग में तीव्र वृद्धि हुई है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में भारी बिकवाली और विदेशी कोषों की निकासी ने भारतीय मुद्रा पर दबाव को और बढ़ा दिया।

### ईरान संकट के बीच चांदी 32,000 रुपये के उछाल के साथ तीन लाख रुपये पर, सोना 8,100 रुपये मजबूत

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया संकट गहराने के बीच निवेशकों के सुरक्षित-संपत्ति की ओर रुख करने के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में 12 प्रतिशत तक का उछाल आया। एक ओर जहां चांदी तीन लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, वहीं सोना 1.73 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब जा पहुंचा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी शुक्रवार के 2,68,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से 32,000 रुपये या 11.94 प्रतिशत बढ़कर 3,00,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। सर्राफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 8,100 रुपये या 4.92 प्रतिशत बढ़कर 1,72,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) हो गई। पिछले बाजार सत्र में यह 1,64,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

### कंपनियों को आशंका, पश्चिम एशिया संकट से कीमतों में होगा इजाफा

**नयी दिल्ली :** बिस्कुट कंपनी पारले प्रोडक्ट्स का मानना है कि ईरान में अमेरिकी और इजरायली हवाई हमलों के बाद पश्चिम एशिया संघर्ष बढ़ने से पैकेजिंग सामग्री और माल ढुलाई की लागत में वृद्धि होगी। पारले प्रोडक्ट्स के उपाध्यक्ष मयंक शाह ने बताया कि अगर क्षेत्र में संघर्ष बढ़ता है, तो लागत में वृद्धि होगी और यह उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का सबब बन सकता है। हमारा मानना है कि मौजूदा स्थिति का असर दो लागत वस्तुओं पर पड़ेगा। एक पैकेजिंग सामग्री है, जो कच्चे तेल से प्राप्त होती है, और दूसरा माल ढुलाई है

## भारत-कनाडा के बीच 2.6 अरब डॉलर का यूरेनियम सौदा, व्यापक व्यापार समझौते को पूरा करने का संकल्प

### भारत, कनाडा द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने को प्रतिबद्धः मोदी

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और कनाडा 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने पर सहमत हुए हैं। दोनों देशों के बीच 2025 के जनवरी-अक्टूबर के दौरान द्विपक्षीय व्यापार लगभग आठ अरब डॉलर रहा। मोदी ने यहां भारत-कनाडा सीईओ मंच को संबोधित करते हुए कहा, 'हम अपने द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक ले जाना चाहते हैं और उस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'इसीलिए, हमने दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने का निर्णय लिया है।' मोदी ने कहा कि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था पर दबाव है। ऐसे कठिन समय में भारत और कनाडा के उद्योगपतियों के बीच विचार-विमर्श द्विपक्षीय व्यापार संबंधों के लिए खाका तैयार करने में सहायक होगा। उन्होंने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बताते हुए कहा कि मजबूत घरेलू खपत, बड़े पैमाने पर निवेश और डिजिटल अर्थव्यवस्था ने वृद्धि में योगदान दिया है।



**नयी दिल्ली:** भारत और कनाडा ने सोमवार को कूटनीतिक और आर्थिक संबंधों के एक नए अध्याय की शुरुआत करते हुए यूरेनियम और महत्वपूर्ण खनिजों की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए ऐतिहासिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी ने द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ करने के लिए सहयोग की एक महत्वाकांक्षी रणनीति को अंतिम रूप दिया। इस रणनीतिक साझेदारी के तहत इस वर्ष के अंत तक 'व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते' (सीईपीए) को संपन्न करने और वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय वार्षिक व्यापार को वर्तमान के 13 अरब डॉलर से बढ़ाकर 50 अरब डॉलर के पार ले जाने का संकल्प व्यक्त किया गया है। इसके अलावा दोनों देशों ने 2.6 अरब डॉलर के महत्वपूर्ण यूरेनियम समझौते पर भी हस्ताक्षर किए। दोनों नेताओं के बीच हुई यह व्यापक वार्ता इस मायने में अत्यंत महत्वपूर्ण है कि यह संबंधों में आए एक लंबे गतिरोध के बाद हो रही है। वर्ष 2023 में तत्कालीन कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट की संभावित संलिप्तता के निराधार आरोपों के बाद दोनों देशों के कूटनीतिक संबंध अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए थे। उस समय उपजी तल्खी ने व्यापारिक और कूटनीतिक संवाद को लगभग बाधित कर दिया था। हालांकि, पिछले वर्ष मार्च में मार्क कार्नी के प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद से दोनों पक्षों ने संबंधों के पुनर्निर्माण और विश्वास बहाली के लिए उपायों की एक निरंतर श्रृंखला शुरू की।

## पश्चिम एशिया में संकट गहराने से कच्चे तेल के दाम में तेजी

**फ्रैंकफर्ट:** ईरान पर अमेरिका और इजराइल के समन्वित हमलों के बाद पश्चिम एशिया में जंग के हालात से सोमवार को वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया। होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल एवं गैस टैंकर की आवाजाही प्रभावित होने से दाम में तेजी आई है। अमेरिकी तेल की कीमतें 7.6 प्रतिशत बढ़कर 72.12 डॉलर प्रति बैरल हो गईं, जबकि अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 8.6 प्रतिशत बढ़कर 79.11 डॉलर प्रति बैरल हो गई। यूरोप में प्राकृतिक गैस वायदा की कीमतों में 40 प्रतिशत से अधिक की उछाल आया। इसका कारण एलएनजी की एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता कतर ने संघर्ष के कारण उत्पादन रोक दिया है। तेल की ऊंची कीमतों से अमेरिकी चालकों के लिए पेट्रोल की कीमत बढ़ने की आशंका है। साथ ही ऐसे समय में जब कई देशों के लोग मुद्रास्फीति से जूझ रहे हैं, अन्य वस्तुओं की कीमतों में भी वृद्धि हो सकती है, आंकड़ा विश्लेषण कंपनी केप्लर ने सोशल मीडिया



मंच एक्स पर बताया कि उपग्रह नेविगेशन प्रणालियों में व्यवधान के कारण टैंकर की आवाजाही में भारी कमी आई है। वहीं यूके मेरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर ने जलडमरूमध्य के दोनों ओर के क्षेत्र में कई जहाजों पर हमलों की सूचना दी है। कारोबारियों को आशंका है कि कि ईरान और पश्चिम एशिया के अन्य देशों से कच्चे तेल की आपूर्ति धीमी पड़ सकती है या ठप हो सकती है। क्षेत्र में हमलों, खासकर फारस की खाड़ी के संकरे प्रवेश मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे दो जहाजों पर हमले के कारण निर्यात क्षमता प्रभावित हुई है। ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना है कि यदि पश्चिम एशिया में हमले लंबे समय तक जारी रहे तो कच्चे तेल और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आगे और बढ़ोतरी हो सकती है। ऊर्जा विश्लेषण कंपनी रिस्टैड एनर्जी ने कहा कि प्रतिदिन लगभग 1.5 करोड़ बैरल यानी वैश्विक आपूर्ति का करीब 20 प्रतिशत कच्चा तेल होर्मुज जलडमरुमध्य से होकर गुजरता है। यह तेल मार्ग विश्व का सबसे अहम 'चोकपॉइंट' (संकरा रणनीतिक मार्ग) माना जाता है।

### मर्सिडीज-बेंज ने पेश किया वी-क्लास एमपीवी मॉडल, कीमत 1.40 करोड़ रुपये

**मुंबई:** जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी 'मर्सिडीज-बेंज इंडिया' ने सोमवार को भारतीय बाजार में अपनी 'वी-क्लास' लक्जरी एमपीवी (बहुउद्देश्यीय वाहन) पेश की है। इसकी कीमत 1.40 करोड़ रुपये है। वी क्लास एमपीवी को स्थानीय स्तर पर असेंबल किया गया है। यह मर्सिडीज बेंज इंडिया के चाकन विनिर्माण संयंत्र में उत्पादित कंपनी का 12वां मॉडल है। पुणे के चाकन संयंत्र की सालाना उत्पादन क्षमता 20,000 इकाई की है। कंपनी अगले वित्त वर्ष में अपनी वाहन बिक्री में वृद्धि की उम्मीद कर रही है, हालांकि यह दो अंक में नहीं हो सकती। कंपनी ने कहा कि कोविड-19 के बाद देश में लक्जरी एमपीवी खंड का बाजार बदल गया है। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने कहा, ''भारतीय आर्थिक आधार मजबूत है, इसलिए बिक्री में वृद्धि संभव है। लेकिन मैं इसे दो अंक में नहीं आंकता। उन्होंने बताया कि कैलेंडर वर्ष 2025 में बिक्री स्थिर रही थी और इस वित्त वर्ष में भी स्थिति इसी तरह रहने की संभावना है।

## न्यूज अपडेट

### पाकिस्तान के शेयर बाजार में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट

**कराची:** पाकिस्तान शेयर बाजार में सोमवार को एक दिन की अब तक की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई। मानक सूचकांक केएसई-100 16,089.17 अंक लुढ़क गया। केएसई-100 सूचकांक 1,51,972 अंक पर आ गया, जो पिछले बंद से 9.57 अंक की गिरावट है। यह पाकिस्तान शेयर बाजार के इतिहास में एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट थी। पिछले कारोबारी सत्र में सूचकांक 168,062.16 अंक पर बंद हुआ था। कैपिटल इन्वेस्टमेंट्स के वित्तीय विश्लेषक, कौकब फरशोरी ने कहा कि यह गिरावट इस क्षेत्र में अनिश्चित भू-राजनीतिक स्थिति के कारण हुई। शुरुआती कारोबार में सूचकांक में 12,334,88 अंक या 7.34 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

### ईपीएफओ ने कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर को 8.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा

**नयी दिल्ली:** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने सोमवार को भविष्य निधि जमा पर 2025-26 के लिए ब्याज दर 8.25 प्रतिशत पर बरकरार रखी। यह लगातार तीसरा वर्ष है जब ब्याज दर को इस स्तर पर रखा गया है। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। पिछले वर्ष फरवरी में, ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8.25 प्रतिशत ब्याज दर को बरकरार रखा था। ईपीएफओ ने 2024 में ब्याज दर को बढ़ाकर 2023-24 के लिए 8.25 प्रतिशत कर दिया था, जो 2022-23 में 8.15 प्रतिशत थी।

### दो हजार के 98.44 प्रतिशत नोट वापस आए : आरबीआई

**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा है कि 2,000 रुपये के 98.44 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ चुके हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये के नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। आरबीआई के सोमवार को जारी बयान के अनुसार, 19 मई, 2023 को जब यह घोषणा की गई थी, तब बाजार में 2,000 रुपये के नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था। 28 फरवरी, 2026 को कारोबार बंद होने तक यह घटकर 5,551 करोड़ रुपये रह गया। रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों (आरबीआई निर्गम कार्यालय) में 19 मई, 2023 से 2000 रुपये के नोट बदलने की सुविधा उपलब्ध है।

### पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच कतर-एनर्जी ने एलएनजी का उत्पादन रोकने की घोषणा की

**दुबई:** कतर की सरकारी ऊर्जा कंपनी 'कतर-एनर्जी' ने सोमवार को घोषणा की कि वह पश्चिम एशिया में जारी भीषण सैन्य संघर्ष के कारण तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का उत्पादन रोकेगी। इस निर्णय से विश्व के शीर्ष आपूर्तिकर्ताओं में से एक बाजार से बाहर हो गया है। सरकारी स्वामित्व वाली इस कंपनी ने इस कठोर निर्णय के लिए क्षेत्र में व्याप्त युद्ध की स्थिति को उत्तरदायी ठहराया है। कंपनी ने उत्पादन पुनः आरंभ करने के संबंध में किसी निश्चित समयसीमा का उल्लेख नहीं किया है। सैन्य संघर्ष के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में पहले ही भारी उछाल देखा जा रहा है।

### टीसीएस और विप्रो ने पश्चिम एशिया के लिए यात्राएं स्थगित की, नैसकॉम की घर से काम करने की सलाह

**नयी दिल्ली:** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और विप्रो सहित भारतीय आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के मद्देनजर अपने कर्मचारियों की पश्चिम एशियाई देशों की यात्राएं स्थगित कर दी हैं और सुरक्षा संबंधी परामर्श जारी किये है। उद्योग संगठन नैसकॉम ने भी सदस्य कंपनियों से प्रभावित क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए घर से काम (डब्ल्यूएफएच) की व्यवस्था लागू करने का आग्रह किया है। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बाद कई खाड़ी देशों के हवाई क्षेत्र के बंद रहने के कारण यह कदम उठाया गया है।

### भारत ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईंधन आपूर्ति की समीक्षा की

**नयी दिल्ली:** पश्चिम एशिया में सैन्य संघर्ष गहराने के बीच पेट्रोलियम मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि वह उभरती हुई स्थिति पर नजर रखे हुए है और देश में प्रमुख पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता तथा किफायती दरों को सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। भारत अपनी कच्चे तेल की आवश्यकता का 88 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस की आवश्यकता का लगभग आधा हिस्सा आयात करता है। इस आपूर्ति का अधिकांश भाग 'हॉर्मुज जलडमरूमध्य' से होकर आता है, जिसे अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद ईरान ने बंद कर दिया है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के साथ कच्चे तेल, एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की।



## मार्च के महीने में कब-कब बजेगी शहनाई, जानें विवाह के लिए हैं कितने शुभ मुहूर्त

हिंदू संस्कृति में विवाह केवल दो व्यक्तियों का साथ नहीं, बल्कि एक पवित्र संस्कार माना जाता है। इसे ब्रह्मा, विष्णु और महेश सहित सभी देवी-देवताओं के आशीर्वाद से जीवन की नई शुरुआत समझा जाता है। यही कारण है कि शादी जैसे मांगलिक कार्य के लिए शुभ मुहूर्त का विशेष ध्यान रखा जाता है। मुहूर्त वह अनुकूल समय होता है जब ग्रह, नक्षत्र, तिथि और वार का संतुलित योग दांपत्य जीवन के लिए मंगलकारी माना जाता है। आइए जानते हैं मार्च 2026 में विवाह के लिए उपलब्ध शुभ तिथियों कौन-कौन सी हैं।



### मार्च 2026 में विवाह के शुभ मुहूर्त

हिंदू पंचांग के अनुसार मार्च 2026 में कुल आठ अनुकूल विवाह तिथियां उपलब्ध हैं। इन दिनों ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति को शुभ माना गया है, जिससे वैवाहिक जीवन में प्रेम, सामंजस्य और स्थिरता की संभावनाएं बढ़ती हैं।

- मार्च 2, 2026, सोमवार
- मार्च 3, 2026, मंगलवार
- मार्च 4, 2026, बुधवार
- मार्च 7, 2026, शनिवार
- मार्च 8, 2026, रविवार
- मार्च 9, 2026, सोमवार
- मार्च 11, 2026, बुधवार
- मार्च 12, 2026, बृहस्पतिवार

इन तिथियों में विवाह संस्कार संपन्न करने से दांपत्य जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और दीर्घकालिक सुख की कामना की जाती है।

### विवाह में मुहूर्त का महत्व

हिंदू धर्म में मुहूर्त केवल कैलेंडर की तारीख नहीं है, बल्कि इसे आकाशीय शक्तियों के संतुलन का संकेत माना जाता है। शास्त्रीय मान्यता है कि शुभ समय में संपन्न विवाह संबंध में सामंजस्य और समृद्धि की नींव मजबूत होती है। इसी वजह से परिवारजन या ज्योतिषाचार्य कुंडली और ग्रह दशा का अध्ययन कर विवाह की तिथि तय करते हैं।

### 15 मार्च से आरंभ होगा खरमास

15 मार्च 2026 से खरमास प्रारंभ हो जाएगा, जो सूर्य के गोचर से जुड़ा होता है। इस अवधि में विवाह, गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य सामान्यतः टाल दिए जाते हैं। लगभग एक माह तक चलने वाले इस समय को शुभ कार्यों के लिए अनुकूल नहीं माना जाता।

### व्रत - त्यौहार

03.03.2026 : चैतन्य महाप्रभु जयंती

04.03.2026 : होली सर्वत्र, बसंतोत्सव

06.03.2026 : छत्रपति शिवाजी जयंती

08.03.2026 : महिला दिवस

## कब है नरसिंह द्वादशी? जानें शुभ मुहूर्त, पूजा विधि और महत्व

भगवान विष्णु के अवतारों में भगवान नरसिंह का स्वरूप अत्यंत अद्भुत और प्रेरणादायक माना जाता है। नरसिंह द्वादशी उसी दिव्य अवतार की स्मृति में मनाई जाने वाली पावन तिथि है, जो धर्म की रक्षा और अधर्म के विनाश का संदेश देती है। यह पर्व न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह विश्वास भी जगाता है कि जब-जब भक्त पर संकट आता है, तब-तब ईश्वर किसी न किसी रूप में उसकी रक्षा के लिए अवश्य प्रकट होते हैं।

नरसिंह द्वादशी का व्रत और पूजन श्रद्धा, साहस और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने वाला माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन विधिपूर्वक उपवास और पूजा करने से भय, बाधाएं और नकारात्मक शक्तियां दूर होती हैं तथा जीवन में आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना बढ़ती है। वर्ष 2026 में नरसिंह द्वादशी कब मनाई जाएगी, इसका शुभ मुहूर्त क्या रहेगा और पूजा की सही विधि क्या है-इन सभी महत्वपूर्ण बातों को जानना श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### नरसिंह द्वादशी 2026 तिथि और शुभ मुहूर्त

साल 2026 में नरसिंह द्वादशी फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को पड़ रही है। पंचांग के अनुसार, यह पावन तिथि 27 फरवरी 2026 की रात्रि 10 बजकर 32 मिनट पर प्रारंभ होगी और अगले दिन 28 फरवरी 2026 की रात 08 बजकर 43 मिनट पर समाप्त होगी। इसका अर्थ यह है कि इस अवधि में यह व्रत और पूजा विधिपूर्वक की जा सकती है।

धार्मिक दृष्टि से मुख्य व्रत का पालन 28 फरवरी 2026 को किया जाएगा। इस दिन श्रद्धालु पूरे विधि-व्यवस्थित तरीके से उपवास रखते हैं और पूजा-अर्चना करते हैं। व्रत समाप्त करने के लिए पारण का समय 1 मार्च 2026 की सुबह निर्धारित किया गया है। द्वादशी पारण का शुभ समय प्रातः 06 बजकर 21 मिनट से 08 बजकर 41 मिनट तक रहेगा। इस दौरान व्रत खोलने से व्यक्ति को स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और ईश्वर की कृपा प्राप्त होने की मान्यता है।

नरसिंह द्वादशी का धार्मिक महत्व

फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को नरसिंह द्वादशी के रूप में बड़े श्रद्धा भाव से मनाया जाता है। यह पर्व भगवान विष्णु के चौथे अवतार, भगवान नरसिंह, से जुड़ा हुआ है। धार्मिक कथाओं के अनुसार, भगवान नरसिंह ने अपने परम भक्त प्रहलाद की रक्षा के लिए असुर राजा हिरण्यकश्यप का संहार किया था। इस अवतार का स्वरूप अद्वितीय था। आधा मनुष्य और आधा सिंह जो शक्ति और साहस का प्रतीक माना जाता है।



नरसिंह द्वादशी यह संदेश देती है कि जब भी धर्म और सच्चाई पर संकट आता है, ईश्वर स्वयं प्रकट होकर अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। इसलिए इस दिन व्रत और पूजा करने से न केवल ईश्वर की कृपा मिलती है, बल्कि भय, संकट और नकारात्मकता से मुक्ति पाने की भी मान्यता है।

### नरसिंह द्वादशी पूजा विधि

- सूर्योदय से पहले उठें और स्वच्छ जल से स्नान करें।
- पूजा के लिए पीले रंग के वस्त्र पहनें।
- घर के मंदिर या पूजा स्थल को साफ करें।
- नरसिंह भगवान की प्रतिमा या तस्वीर स्थापित करें। यदि प्रतिमा न हो तो भगवान विष्णु की तस्वीर रख सकते हैं।
- पूजा करते समय पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करें।
- पंचामृत (दूध, दही, घी, शहद और जल) से भगवान का अभिषेक करें।
- अभिषेक के बाद हल्के पानी से धोकर प्रतिमा/तस्वीर को सुखाएं।
- भगवान को पीले फूल, अक्षत (चावल), फल और मिष्ठान अर्पित करें।
- धूप और दीपक जलाएं।
- विष्णु सहस्त्रनाम या नरसिंह स्तोत्र का पाठ करें।
- दीपक लेकर भगवान की आरती करें।
- सात्विक भोग अर्पित करें और प्रसाद परिवार और उपस्थित लोगों में बांटें।
- व्रत करने पर विशेष पुण्य मिलता है। पूजा और व्रत के दौरान मन को शांत और शुद्ध रखें।

## इस साल कब मनाई जाएगी रंग पंचमी? जानें तिथि महत्व और पूजा विधि




रंग पंचमी हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण और पावन पर्व है। यह हर वर्ष चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन को देव पंचमी भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि, इस शुभ तिथि पर देवी-देवता स्वर्ग से पृथ्वी पर आकर होली खेलते हैं। इसलिए इस दिन की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व माना गया है। इसके अलावा रंग पंचमी पर श्रद्धा और भक्ति से की गई पूजा का अत्यंत शुभ फल साधक को प्राप्त होता है। यह दिन विशेष रूप से श्री कृष्ण और राधा रानी को समर्पित माना जाता है। मान्यता है कि, इस दिन उन्हें गुलाल अर्पित कर होली खेलने से दांपत्य सुख, प्रेम और सौभाग्य में वृद्धि होती है। ऐसे में आइए जानते हैं कि, 2026 में यह पर्व कब मनाया जाएगा।

### कब है रंग पंचमी 2026

- पंचांग के मुताबिक, चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि की शुरुआत 7 मार्च को शाम 7 बजकर 17 मिनट पर हो रही है।
- इस तिथि का समापन 08 मार्च को रात 09 बजकर 10 मिनट पर होगा।

ऐसे में रंग पंचमी का पर्व 08 मार्च को मनाया जाएगा।

### शुभ मुहूर्त

**ब्रह्म मुहूर्त** – सुबह 5 बजकर 01 मिनट से 05 बजकर 50 मिनट तक

**विजय मुहूर्त** – दोपहर 2 बजकर 30 मिनट से 03 बजकर 17 मिनट तक

**गोधूलि मुहूर्त** – शाम 06 बजकर 23 मिनट से लेकर 06 बजकर 47 मिनट तक

**अभिजीत मुहूर्त**– 12 बजकर 08 मिनट से 12 बजकर 56 मिनट तक

### पूजा विधि

- रंग पंचमी के दिन एक साफ चौकी पर लाल या पीला वस्त्र बिछाकर श्रीकृष्ण और राधा जी की मूर्ति या चित्र स्थापित करें।
- अब आप उन्हें पुष्पमाला पहनाएं और नए वस्त्र अर्पित करें।
- इसके बाद गुलाल, अबीर और सुगंधित पुष्प अर्पित करें।
- इस दौरान कुछ मौसमी फल भी पूजा में शामिल कर लें।
- माखन, मिश्री, फल और मिठाई का भोग लगाएं।
- दीपक और धूप जलाकर विधिपूर्वक आरती करें।
- अंत में प्रसाद सभी में बांटें।

## गांगुली ने सैमसन को सफेद गेंद की टीम में नियमित करने का समर्थन किया



**कोलकाता:** पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने सोमवार को संजू सैमसन को भारत की सफेद गेंद की टीमों में नियमित रूप से शामिल किए जाने का समर्थन किया और टी20 विश्व कप से पहले इस आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज की आलोचना पर हैरानी व्यक्त की। सैमसन की 50 गेंद में नाबाद 97 रन की पारी से भारत ने रविवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ 'वर्चुअल क्वार्टरफाइनल' में 196 रन के लक्ष्य का पीछा किया। इसे एक शानदार पारी बताते हुए गांगुली ने कहा, 'वह बहुत अच्छा खिलाड़ी है। उसे सफेद गेंद के क्रिकेट में भारत के लिए लगातार खेलना चाहिए, शत प्रतिशत।' उन्होंने कहा, 'यह मुकाबला लगभग क्वार्टर फाइनल जैसा था और 97 रन पर नाबाद रहना उसके कौशल को दिखाता है। वह इस तरह का खिलाड़ी है। जब वह मैदान में उतरता है तो विरोधी टीम को नुकसान पहुंचाता है।' सैमसन ने यह पारी उस दिन खेली जब भारत के मुख्य बल्लेबाज अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, कप्तान सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या सस्ते में आउट हो गए। लेकिन सैमसन ने दबाव से अच्छी तरह निपटते हुए आखिर तक बिना किसी जोखिम के बल्लेबाजी की। गांगुली ने आगे कहा, ''वह परिस्थिति के हिसाब से खेला और यह जरूरी था। इससे हम सभी को यह सीख मिलती है कि यह वही लड़का है जो पिछले छह महीनों में टीम में अपनी जगह नहीं बना पाया, भले ही ईशान किशन पारी का आगाज कर रहा हो या कोई और आ रहा हो।' उन्होंने कहा, 'विश्व कप से ठीक पहले मैं अखबार में पढ़ता था कि 'संजू फिर विफल हो गया', 'वह टीम में शामिल होने का हकदार नहीं', 'भारत में इतनी प्रतिभा है, शुभमन गिल टीम में क्यों नहीं है?' और फिर यही लड़का क्वार्टरफाइनल जैसे मैच 97 रन बनाकर नाबाद रहता है और आपको सेमीफाइनल में पहुंचा देता है।'

## लियोनेल मेस्सी के दो गोल से इंटर मियामी जीता



**ऑरलैंडो:** लियोनेल मेस्सी ने दूसरे हाफ में दो गोल किए, जबकि डिफेंडर टेलास्को सेगोविया ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की जिससे मौजूदा चैंपियन इंटर मियामी ने एमएलएस फुटबॉल टूर्नामेंट में ऑरलैंडो सिटी को 4-2 से हराकर इंटर एंड कंपनी स्टेडियम में पहली बार जीत हासिल की। पहले हाफ में दो गोल से पिछड़ने के बाद मियामी की तरफ से पहला गोल दूसरे हाफ के चौथे मिनट में माटेओ सिल्वेट्टी ने किया। मेस्सी ने सेगोविया से पास लेकर 57वें मिनट में अपना पहला गोल किया और इंटर मियामी को 2-2 से बराबरी पर ला दिया। सेगोविया ने 85वें मिनट में गोल करके मियामी को बढ़त दिलाई। मेस्सी ने 90वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके मियामी की जीत सुनिश्चित कर दी। अर्जेंटीना का यह स्टार खिलाड़ी इस तरह से एमएलएस में 52 गोल कर चुका है। मार्को पासलिच ने इवान एंगुलो से पास पर 18वें मिनट में गोल करके ऑरलैंडो सिटी को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके छह मिनट बाद मार्टिन ओजेडा ने गोल किया जिससे ऑरलैंडो सिटी को 2-0 की बढ़त मिल गई जो हाफ टाइम तक बरकरार रही।

# क्रिकेट एक टीम गेम है, कई वर्षों से हम सिर्फ कुछ खास योगदान की ही बात करते आए हैं: गंभीर

**कोलकाता:** गौतम गंभीर का मानना है की टीम गेम में प्रत्येक खिलाड़ी का छोटा या बड़ा योगदान महत्वपूर्ण होता है लेकिन भारतीय क्रिकेट में लंबे समय से इसका अभाव रहा है। भारत के मुख्य कोच ने कहा कि अगर शिवम दुबे ने रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में 19वें ओवर दो चौके नहीं लगाए होते तो संजू सैमसन की 97 रन की मैच विजेता पारी की कोई बात नहीं कर रहा होता। गंभीर ने कहा कि जब तक वह कोच हैं, प्रत्येक खिलाड़ी के योगदान का पूरे सम्मान के साथ उल्लेख किया जाएगा। गंभीर ने पत्रकारों से कहा, 'मुझे खुशी है कि आप सभी के योगदान के बारे में बात कर रहे हैं क्योंकि कई वर्षों से हम केवल कुछ विशेष योगदानों के बारे में ही बात करते रहे हैं। यह एक टीम गेम है और यह हमेशा टीम गेम ही रहेगा।' उन्होंने कहा, 'मेरे लिए शिवम के दो चौके भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने संजू के 97 रन, क्योंकि अगर उसने वे दो चौके नहीं लगाए होते तो आप उस (97 रन की पारी) के बारे में बात भी नहीं करते।' गंभीर ने कहा, 'बड़ा योगदान सुर्खियां बटोरता है, लेकिन छोटा योगदान भी महत्वपूर्ण होता है क्योंकि वह टीम को जीत दिलाने में मदद कर सकता है, उसे लक्ष्य तक पहुंचा सकता है। इसीलिए मैं कहता हूं कि जब तक मैं इस पद पर हूं, हमारी आगे भी यही नीति रहेगी।' दुनिया भर के कोच आंकडों (डेटा) को महत्वपूर्ण मानते हैं लेकिन इनमें गंभीर शामिल नहीं हैं।



## सभी चाहते थे कि संजू अच्छा प्रदर्शन करे: गावस्कर



**नयी दिल्ली:** अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का कहना है कि संजू सैमसन इतने अच्छे इंसान हैं कि हर कोई चाहता है कि वह अच्छा प्रदर्शन करें और वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 विश्व कप में खेली गई उनकी निर्णायक पारी ने उनके प्रशंसकों पर से भी दबाव कम कर दिया होगा। सैमसन ने रविवार रात कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में नाबाद 97 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा, '97 रन की इस नाबाद पारी ने न सिर्फ संजू सैमसन पर से बड़ा बोझ हटा दिया है बल्कि उन लोगों पर से भी बोझ उतार दिया है जो जानते हैं कि वह कितने बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं। उनके करियर में उतार-चढ़ाव आए हैं। वह बहुत ही अच्छे इंसान हैं। हर कोई चाहता है कि वह अच्छा प्रदर्शन करें।' विश्व कप से पहले सैमसन का प्रदर्शन खराब रहा था। वह बड़ी पारी नहीं खेल पा रहे थे। गावस्कर नेकहा, 'सभी भारतीय प्रशंसक इस बात से खुश होंगे कि इस ईमानदार क्रिकेटर को वह सफलता मिली है जिसका वह हकदार है।' अब भारत गुरुवार को मुंबई में सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना करेगा।

### सिंधु का ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप से बाहर रहना तय, लक्ष्य पर होगी नजर

**बर्मिंघम:** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का मंगलवार से यहां शुरू होने वाली अखिल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप से बाहर रहना तय है क्योंकि अमेरिका के ईरान पर हमले के बाद खाड़ी क्षेत्र में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण वह दुबई में फंस गई हैं। खिलाड़ियों के यात्रा संबंधी बाधाओं ने सुपर इस 1000 प्रतियोगिता की तैयारियों को बुरी तरह प्रभावित किया है। सिंधु शनिवार से दुबई में फंसी हुई हैं क्योंकि ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। सिंधु और उनके कोच इंडोनेशिया के इरवानस्याह आदि प्रतामा दुबई में फंसे हुए हैं।

## मुझे तेजी से रन बनाने चाहिए थे, हार की जिम्मेदारी लेता हूं: होप



**कोलकाता:** वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने टी20 विश्व कप के सुपर आठ से बाहर होने की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि वह शीर्ष क्रम लय बनाने में नाकाम रहे जिससे उनकी टीम को भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। वेस्टइंडीज की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 195 रन बनाए। आखिर में उसकी टीम 20 रन से पीछे रह गई क्योंकि होप ने 32 रन बनाने के लिए 33 गेंदें खेलीं और उनका स्ट्राइक रेट 96 से थोड़ा अधिक रहा। उन्होंने 17 डॉट गेंदें खेली जो आखिर में टीम पर भारी पड़ीं। होप ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, 'अगर आप यही चाहते हैं कि मैं ऐसा कहूं तो हां, मैं गलती स्वीकार करता हूं। मुझे और तेज बल्लेबाजी करनी चाहिए थी। जब आप नेतृत्व कर रहे होते हैं तो आप आगे बढ़कर लय बनाना चाहते हैं। आज मेरे साथ ऐसा नहीं हुआ। आज मेरा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा।' उन्होंने कहा, 'लेकिन ऐसी परिस्थितियों में जब आप संघर्ष कर रहे होते हैं, तो हर कोई संघर्ष करता है। लेकिन मुझे नहीं लगता कि मैं खराब बल्लेबाजी कर रहा था।' सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और फिर वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने की रणनीति अपनाई। पावरप्ले में अर्शदीप सिंह, हार्दिक पंड्या और अक्षर पटेल ने अपना काम बखूबी निभाते हुए होप को खुलकर नहीं खेलने दिया। होप ने कहा, 'उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की। हालांकि आप हर गेंद पर छक्का मारना चाहते हैं लेकिन ऐसा नहीं होता। आज मेरा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। मैं सीधे क्षेत्ररक्षकों के पास गेंद मार रहा था और फिर स्थिति को थोड़ा और समझने की कोशिश कर रहा था।'

## टेस्ट क्रिकेट पर ध्यान: जहीर के बाद हरभजन से संपर्क किया बीसीसीआई ने



**कोलकाता:** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पूर्व भारतीय दिग्गज जहीर खान और हरभजन सिंह से बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (सीओई) में विशेष शिविरों में अपनी सेवाएं देने के लिए संपर्क किया है। बीसीसीआई ने इन शिविरों के कुछ खिलाड़ियों की सूची तैयार की है। इस सूची में ऐसे खिलाड़ी शामिल किए गए हैं जो भविष्य में भारत की तरफ से खेल सकते हैं। इन खिलाड़ियों में आयु वर्ग और प्रथम श्रेणी क्रिकेट के अलावा भारत ए और भारत की सीनियर टीम की तरफ से कुछ मैच खेलने वाले खिलाड़ी शामिल हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जहीर खान युवा तेज गेंदबाजों के साथ पांच दिवसीय शिविर के लिए पहले ही बेंगलुरु पहुंच चुके हैं। ये युवा गेंदबाज सीनियर टीम में जगह बनाने के करीब हैं या उसके लिए कुछ मैच खेल चुके हैं। पता चला है कि सीओई के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने भारतीय क्रिकेट की अगली पीढ़ी को तैयार करने में मदद करने के लिए अपने पूर्व साथियों से चार से पांच दिन के विशेष शिविरों के लिए संपर्क किया था। इस घटनाक्रम से अवगत बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, 'लक्ष्मण ने विशेष शिविरों के लिए जहीर, हरभजन और अनिल कुंबले से संपर्क किया है। हरभजन ऑफ स्पिनरों के लिए चार या पांच दिवसीय शिविर के लिए अपना कार्यक्रम तैयार कर रहे हैं। वह उन उभरते हुए खिलाड़ियों की मदद करने के लिए उत्सुक हैं जिन्होंने आयु वर्ग और भारत ए स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है।' उन्होंने कहा, 'यह एक स्वागत योग्य पहल है जहां भारत के लिए 100 से अधिक टेस्ट मैच खेल चुके खिलाड़ी अगली पीढ़ी के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे।'

## विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद खिलाड़ियों पर वित्तीय जुर्माना लगाने पर कर रहा विचार है पीसीबी



**कराची:** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) टी20 विश्व कप में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन और सेमीफाइलन से पहले बाहर होने के बाद खिलाड़ियों पर आर्थिक दंड लगाने पर विचार कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक यह जुर्माना प्रति खिलाड़ी 50 लाख पाकिस्तानी रुपये (करीब 18,000 डॉलर) तक हो सकता है। टीम के बड़े टूर्नामेंटों में लगातार खराब प्रदर्शन के बाद बोर्ड सख्त रुख अपनाने को तैयार है। सूत्रों के अनुसार, खिलाड़ियों के पारिश्रमिक में तत्काल कटौती की खबरें सही नहीं हैं, लेकिन भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में आयोजित आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण से बाहर होने के मद्देनजर कार्रवाई पर मंथन जारी है। सूत्र ने पीटीआई से कहा, अभी इस पर अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन खिलाड़ियों पर वित्तीय जुर्माना लगाने के विकल्प पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने हलांकि संभावित कार्रवाई के स्वरूप का खुलासा नहीं किया। उन्होंने बताया कि इस बात पर भी बहस हो रही है कि खिलाड़ियों को आर्थिक रूप से दंडित करना सही कदम होगा या नहीं। दूसरी ओर कुछ अन्य सूत्रों का दावा है कि रविवार रात स्वदेश लौटे खिलाड़ियों पर प्रति सदस्य 50 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगभग तय माना जा रहा है।







































वर्ष 10, पूर्णांक 3520 अंक 330 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in